हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 9 फरवरी 2025



12 निगम और पंचायत चुनाव के लिए होंगे पौने तीन सौ वाहन अधिग्रहित



13 महायज्ञ की परिक्रमा करने से सारे संकट होते है दूर










## खबर संक्षेप

### रेलवे ने ट्रेन का मार्ग बदला, होगी परेशानी



**भिलाई।** रेलवे ने कुंभ मेले के कारण कुछ दिनों के लिए ट्रेन 15160 / 15159 दुर्ग छपरा, दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग बदलकर चलाई जा रही है। 11 फरवरी को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस और 12 फरवरी को छपरा से चलने वाली ट्रेन 15159 छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन प्रयागराज स्टेशन के स्थान पर प्रयागराज छिवकी की स्टेशन पर पहुंजेगी। यह ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर प्रयागराज जंघई वाराणसी ओडीहार के स्थान पर बदलकर मार्ग माणिकपुर-प्रयागराज छिवकी-ज्योनाथपुर-वाराणसी जौनपुर औड़िहार होते हुए पहुंचेगी।

### झाड़ियों में पड़ा मिला नवजात शिशु

**भिलाई।** झांड़ियों के बीच नवजात शिशु मिलने का मामला सामने आया है। जिसे आसपास के एक युवक ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया है। पुलिस मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 93 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुकुटनगर तितुरडीह दुर्ग के एक झाड़ी के पास नवजात शिशु रोते हुए युवक को मिला। घटना शनिवार दोपहर 1.15 बजे रायपुर नाका अंडरब्रिज के पास मुकुट नगर तितुरडीह दुर्ग के पास बने झाड़ी की घटना है। रोने की आवाज सुनकर तो युवक एक्टिवा खड़ा कर देखने पहुंचा था।

### क्रेडिट कार्ड अपडेट के नाम पर ठगी

**भिलाई।** क्रेडिट कार्ड पडेट करने का झांसा देकर युवती से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि शिवानी ठाकुर आईआईटी में पीएचडी कर रही है। 7 फरवरी को अज्ञात मोबाईल नंबर धारक ने युवती को काल कर झांसे में लिया कि वह आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड अपडेट कराने और बीमा सर्विस को डीएक्टिवेट कराना है। ओटीपी लेकर युवती के खाते से 1.53 लाख रुपए का ठगी कर दिया।

**कार्रवाई :** प्रत्याशियों के खास लोगों पर अब नजर

# कांग्रेस नेता के फार्म हाउस में किसके लिए आई शराब, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई/पाटन

निकाय चुनाव पाटन में कांग्रेस नेता के फार्म हाउस में अवैध शराब का जखीरा पकड़े जाने के बाद पुलिस प्रत्याशियों के खास लोगों पर पैनी नजर रख रही है। फार्म हाउस में शराब एमपी से मंगवाई गई है लेकिन किसके लिए यह लाई गई इसकी पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई तय होगी।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र वर्मा के फार्म हाउस से ट्रक में भरे 500 पेटी अवैध शराब को पकड़ा गया। घटना का खुलासा करते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी अभिषेक झा, सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ट्रक एमपी 46 एच 0513 का पीछा करते हुए ग्राम फुंडा लोहरसी के समीप रास्ते पर पाटन पुलिस और एसीसीयू की टीम पहुंच गई। ट्रक का इंतजार किया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि ट्रक को कार सीजी 07 सीडी 0622 पायलेटिंग करते आगे बढ़ा जा रहा है। जैसे ही चौक पर ट्रक पहुंची पुलिस ने तुंरत ट्रक को रोक लिया। पूछताछ करने पर ट्रक चालक एमपी निवासी आजम मंसूरी , क्लीनर संतोष मानकर और कुम्हारी निवासी संतोष सोनी उसे ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र वर्मा के फार्म हाउस तक लेकर जाना स्वीकार किया। जब पुलिस ने ट्रक को चेक करने पर 500 पेटी अवैध शराब उसमें पड़ा मिला। शराब की कीमत 33 लाख 75 हजार रुपए का आंका गया है। कार, बाइक सीजी 04 टीएस 9097 को भी जब्त किया गया है।

**मध्यप्रदेश से मंगवाई जा रही है शराब, पाटन व एसीसीयू को मिली सफलता**





### चुनावी आचार संहिता के बीच यह खेल

जिले में चुनाव होने के कारण आचार संहिता लागू है। जिसे लेकर पुलिस की टीम हर चौक-चौराहों पर रात में चेकिंग का अभियान चल रहा है। उसके बावजदू भी चोरी-छिपे देर रात को शराब मंगवाकर ठिकाने लगाए जा रहा हैं। अवैध शराब को लेकर पाटन पुलिस व एसीसीयू की टीम जुटी हुई थी। पुलिस को सूचना मिली की एमपी की एक ट्रक संदिग्ध लग रहा है जिसका पायलेटिंग एक कार द्वारा कर फुंडा चौक लोहरसी के मुख्य मार्ग की ओर आ रहा है। पुलिस चौकनी होकर ट्रक का इंतजार कर रही थी। ट्रक चालक ने पुलिस की तैनाती देख चौक गया। लेकिन उसे भागने तक का मौका पुलिस ने नहीं दिया।बल्कि सीधे रोक कर पूछताछ करना शुरु कर दिया। इसके बाद शराब तस्करी में शामिल सातो आरोपियों के बारे में पुलिस को जानकारी लग गई। एक के बाद एक पुलिस ने रात को ही आरोपियों को पकड़ लिया। फिलहाल फार्म हाउस संचालक कांग्रेसी नेता महेन्द्र वर्मा मौके से फरार है। इसके अलावा अन्य प्रत्याशियों के लोगों की गतिविधियों पर पुलिस की नजर लगी हुई है।

### इन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि मसूरी ग्राम ओझर थाना नागरवाडी एमपी निवासी ट्रक चालक आजम मंसूरी, संतोष मानकर, कुम्हारी संदीप सोनी, आकाश अग्रवाल, जंजगिरी कुम्हारी तुलेश साहू, कुम्हारी हेमंत राय, संतोषी नगर टिकरा पारा रायपुर कमल किशोर गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट व 61 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ भी कर रही है कि शराब तस्करी मामले में और कितने लोग शामिल है। आने वाले समय में इसमें और भी गिरफ्तारी हो सकती है।

### इस टीम ने किया है कमाल

पांच सौ पेटी अवैध शराब को पकड़ने एएसपी शहर और ग्रामीण सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, एसडीओपी अनूप लकड़ा, डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक, डीएसपी अजय सिंह, पाटन टीआई अनिल कुमार साहू को टीम में शामिल किया गया था। ग्राम फूंडा लोहरसी में हर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग टीम द्वारा किया जा रहा था। जब उक्त ट्रक के बारे में पुलिस को जानकारी मिलने पर पुलिस पहले से अधिक चौकन्नी हो गई। हर ट्रक को चेकिंग करना शुरु कर दिया गया। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात ढ़ाई बजे ट्रक पहुंची थी।

## सरकारी जमीन को बेचकर खाते में रुपए ट्रांसफर करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



सरकारी जमीन को बेचकर रुपए को खाते में ट्रंसफर करने वाला फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि खसरा न0 5407/7 रकबा 0.023 हेक्टेयर जोन 2 वार्ड 14 बाबादीप सिंह नगर के सरकारी जमीन को बेचकर मिले रुपए को खाते में ट्रांसफर करने वाला शाति नगर दशहरा मैदान सुपेला निवासी कार्तिक शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार्तिक शर्मा ने जमीन का फर्जी रजिस्ट्री पेपर तैयार कर उसे बेचा था। इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल 10 आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले में पुलिस ने एन धनराजू जमानत पर है। जिसे कैंसल करने में जुटी हुई है। इसके अलावा पुलिस संतोष नाथ उर्फ जलंधर की तलाश में जुटी हुई है। गौरतलब हो कि पुलिस ने अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु की शिकायत पर खसरा न0 5407/7 रकबा 0.023 हेक्टेयर जोन कमांक 2 वार्ड न0. 14 बाबादीप सिंह नगर की सरकारी जमीन को बेचने के मामले में शिकायत किया गया था।

## ईशकिरण सिंह को पीएच.डी.



ईशकिरण सिंह को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला द्वारा योजना और वास्तुकला के विषय :- "लाइव्लीहुड रेसिलिएंस ऑफ द हाउस होल्ड्स अफेक्टेड बाय अर्बन डेवलपमेंट-इंड्यूस्ड रूरल डिस्प्लेसमेंट एंड रीसेटलमेंटः केस स्टडी ऑफ नवा रायपुर अटल नगर, इंडिया", पर पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। आपने अपना शोध डॉ. सौमी मुहुरी प्राध्यापक, योजना और वास्तुकला विभाग, के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। वर्तमान में ईशकिरण सिंह सहायक प्राध्यापक, एमिटी स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, एमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर छ.ग. में पदस्थ हैं। आप डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गंगेश्वर, सह-प्राध्यापक, बी.आई.टी. दुर्ग छ.ग. की धर्मपत्नी एवं श्री उजाला सिंह पूर्व सिविल अभियंता (सिंचाई विभाग) मध्यप्रदेश व स्वर्गीय श्रीमती दीपक देवी जी की सुपुत्री हैं।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः 1312 प्रत्याशी निर्विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के 5130 पदों के लिए होने जा रहे चुनाव होने जा रहा है। इनमें से 1312 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति है, निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति वाले इन पदों के लिए केवल एक-एक अभ्यर्थी ही चुनाव मैदान में है, वहीं पंच के एक पद के लिए प्राप्त सभी नामांकन पत्र खारिज हो गए हैं। नामांकन फार्म भरने और नाम वापसी के बाद ऐसी स्थिति निर्मित हो गई है। जिसमें अलग अलग प्रकरणों के निपटारे के बाद सीट में एक ही प्रत्याशी रह गए है। ऐसे में पंचायती चुनाव से पहले ही ऐसे प्रत्याशियों की निर्विरोध जीत मानी जा रही हैं। इस प्रकार अब शेष 3817 पदों के लिए मतदान से चुनाव होगा। जहां दो या दो से अधिक अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है।

**इन पदों के लिए केवल एक-एक अभ्यर्थी ही चुनाव मैदान पर**

### 1 जनपद सदस्य, 4 सरपंच व 1307 पंच निर्विरोध निर्वाचित

नाम वापसी के बाद बन रही स्थिति के अनुसार पंच के 4744 पदों में से 1307 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति है। इसी प्रकार सरपंच के 300 में से 4 पदों पर सरपंच का निर्विरोध निर्वाचन तय है, वहीं जनपद सदस्य के 74 पदों में से 1 पद पर निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति है। इसी तरह पाटन में पंच के 1695 में से 496 में निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति है। वहीं एक ग्राम ग्राम पंचायत में भी सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए है, दुर्ग जनपद क्षेत्र के 73 ग्राम पंचायतो में पंच के 1315 में से 207 पर निर्विरोध निर्वाचित हुए है।




### धमधा जनपद में सबसे ज्यादा 608 पंच निर्विरोध

धमधा जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 119 ग्राम पंचायतों सबसे ज्यादा 608 पंच, सरपंच व जनपद सदस्य पद पर निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति है। तहसीलदार टीएस खरे के अनुसार यहां 3 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए मात्र 1-1 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में और इसी प्रकार जनपद सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 24 में भी एक ही अभ्यर्थी है। वहीं पंच के 1734 में से 604 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए। यहां पंच के 1 पद पर प्राप्त सभी नाम निर्देशन पत्र खारिज हो जाने से चुनाव मैदान में कोई नहीं है।






**भिलाई निगम आयुक्त ने प्लानिंग बनाने की दी हिदायत**

# 12 साल पहले मिली सेमरिया गांव की 13.95 हेक्टेयर जमीन, अब निगम करेगा इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई निगम सेमरिया गांव की 13.95 हेक्टेयर जमीन का उपयोग करेगा। इस रिक्त भूमि का इस्तेमाल किस प्रोजेक्ट के लिए हो सकता है इसकी कार्ययोजना बनाई जा रही है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने शनिवार को मौके का निरीक्षण कर इसके निर्देश अधिकारियों को दिए। खास बात यह है कि 12 साल पहले यह जमीन भिलाई निगम को अतिरिक्त तहसीलदार अहिवारा से मिली थी।



### 12 साल पहले ही मिल चुकी है जमीन पर नहीं हो रहा उपयोग

छत्तीसगढ़ राज्य शासन राजस्व विभाग के द्वारा ग्राम सेमरिया, अहिवारा, तहसील धमधा जिला दुर्ग, की खसरा नंबर 132 / 1 रकबा 13.95,खसरा नंबर 182 रकबा 14.42 कुल रकबा 28.37 हेक्टेयर नगर निगम भिलाई को 5 दिसंबर 2013 को अतिरिक्त तहसीलदार अहिवारा से प्राप्त हुआ। यह भूखंड मूलतः कृषि भूखंड है। उस पर स्लॉटर हाउस से निकलने अपशिष्ट पदार्थ, वेस्ट मटेरियल निपटा के लिए टेचिंग ग्राउंड बनाने का विचार था। अभी वर्तमान में पूरा भूखंड लगभग रिक्त है। आयुक्त राजीव कुमार पांडे जोन आयुक्त ऐसा लहरे के साथ भूखंड का निरीक्षण करने गए।

### कब्जा रोकने जमीन पर रेलिंग

ननि भिलाई से लगभग 22 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। वहां की क्या उपयोगिता हो सकती है। उस पर विचार विमर्श किया, निगम भिलाई के हित में क्या प्रोजेक्ट लाया जाए, जिससे भूखंड का उपयोगिता बढ़ जाए। उसे पर विचार विमर्श किया अभी प्रमुख रूप से उन्होंने जोन आयुक्त ऐसा लहरे को निर्देशित किया कि भूखंड का सीमांकन कर के चारों तरफ लैंडमार्क लगा देना है। ताकि अन्य कोई व्यक्ति भूखंड पर कब्जा नहीं कर सके। कोई भी प्रोजेक्ट बनाने से पहले विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी कि किस प्रकार से उसको ननि भिलाई के हित में उपयोगी बनाया जाए। भूखंड बहुत उपयोगी है भविष्य में निगम के काजी हाउस को भी वहां शिफ्ट करने का प्रस्ताव हो सकता है, एवं अन्य बहुत से जनकल्याणकारी कार्यों के लिए उपयोगी बना सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सीएम साय आज दुर्ग में करेंगे रोड शो

दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार एवं समस्त 60 वार्डों के प्रत्याशियों के पक्ष में जन समर्थन एवं वोट अपील को लेकर 9 फरवरी दोपहर 3 बजे से शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए रोड शो करेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने बताया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का रोड दुर्ग शहर के बस स्टैंड से प्रारंभ होकर पचरी पारा कुआं चौक, फरिश्ता कंपलेक्स, पोल साय पारा चौक, तकिया पारा चौक होते हुए मान होटल चौक, कंकालिन चौक, पंचमुखी मंदिर चौक, चंडी मंदिर चौक, शिवपारा चौक, गवली पारा चौक, सिद्धार्थ नगर चौक बांधा तालाब, जवाहर चौक, पटेल चौक, उतई टेंपो स्टैंड, रानी लक्ष्मीबाई चौक, आजाद चौक, कन्हैया पुरी चौक से होते हुए महाराज चौक पर जाकर संपन्न होगी आयोजित रोड शो के पश्चात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आम जनमानस को संबोधित करेंगे।

### मतगणना प्रशिक्षण बीआईटी में 13 को

दुर्ग। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतगणना हेतु गणना पर्यवेक्षक, सहायक, रनर एवं रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारी के सहयोग के लिए ड्यूटी में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों का 13 फरवरी को प्रातः 11 बजे बीआईटी कॉलेज में मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। जिसके अनुक्रम में मुख्य प्रशिक्षक डॉ विकास पंचाक्षरी, अंजय तिवारी, डॉ एचएस भुवाल द्वारा नियत तिथि में संबंधित मतगणना दल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। समस्त विभाग प्रमुख अधिकारियों को विभाग से ड्युटी में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित कराने कहा गया है।

### तितुरडीह आत्मानंद स्कूल के छात्र हुए उद्दंड

दुर्ग। मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल तितुरडीह के छात्र उद्दंड हो गए हैं। यहां लडको द्वारा अनैतिक व्यवहार किए जाने के मामले सामने आने के बाद प्राचार्य द्वारा परिजनों की सूचना दी गई थी। प्रचार्य प्रेमलता तिवारी ने बताया कि, परिजनों को कुछ छात्र के हरकतों की जानकारी दी गई हैं। ऐसी खबर है कि, कुछ छात्रों पर प्राचार्य द्वारा कार्यवाही भी की गई हैं। बहरहाल डीईओ अरविंद मिश्रा का कहना है कि, उन्हें इस बारे में कुछ जानकारी नही हैं। खबर है कि यह मामला कलेक्टर के संज्ञान में आने के बाद बैठक भी बुलाई गई थी।

**तैयारी : आगामी 11 फरवरी को निकाय और 17 से पंचायत चुनाव होंगे**

# निगम और पंचायत चुनाव के लिए होंगे पौने तीन सौ वाहन अधिग्रहित

**आज से परिवहन विभाग वाहनों का करेगा अधिग्रहण, यात्रियों को करनी पड़ेगी मशक्कत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम चुनाव के लिए जिला निर्वाचन आयोग द्वारा आज से बसों का अधिग्रहित किया जाएगा। इस दौरान निगम चुनाव के लिए जहां 75 वाहन अधिग्रहित किए जाएंगे, वहीं तीन चरण में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए 200 वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा। चुनाव कार्य में वाहनों के लगने से यात्रियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड सकता हैं।

जानकारी अनुसार मतदान के एक दिन पहले यानि दस फरवरी को मतदान दलों को बूथों के लिए चुनाव सामग्री देकर रवाना कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अयोग द्वारा पुलगांव स्थित भारतीय कालेज को स्ट्रांग रूम बना गया है, यही से सामग्री वितरण किए जाने के बाद दल रवाना होगा, वही चुनाव के निपटने के बाद सामग्री की वापसी भी यही होगी। आरटीओ अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, नौ फरवरी को निकाय चुनाव के लिए बसों का अधिग्रहण किया जाएगा। वहीं दूसरे दिन मतदान दलों को मतदान केन्द्रों में तक पहुंचाया जाएगा, वही मतदान निपटने के बाद दल की रवानगी वाहनों से कराई जाएगी।

#### करीब 65 बसे चुनाव कार्य में लगेगी

आयोग द्वारा दस निकायों में होने वाले चुनाव के लिए 39 सेक्टर बनाए गए हैं। इसमें छोटे वाहन करीब 56 लगेंगे, वहीं 69 रूटो के लिए 65 बसों का उपयोग किया जाएगा। इसमें बीस से तीस सीट व 54 सीटों वाली बसों का उपयोग किया जाएगा। वही छोटे वाहन आधा दर्जन व बडे वाहन दर्जनभर रिजर्व में रखे जाएंगे।


फाईल फोटो

#### पंचायत चुनाव के लिए 61 सेक्टर

जिला निर्वाचन आयोग द्वारा तीन ब्लाकों के बूथो तक पहुंचने 61 सेक्टर के लिए कुल 174 रूट तैयार किए गए हैं। इसके लिए 177 बसे अधिग्रहित किए जाएंगे। हांलाकि पंचायत चुनाव तीन चरण में होगें। पहला चरण 17 फरवरी, वहीं दूसरे चरण में बीस फरवरी को पाटन ब्लाक और तीसरे चरण में 23 फरवरी को मतदान होगा। इसके लिए करीब 80 छोटे वाहन लगेंगे, वहीं 177 बसे और रिजर्व में करीब 22 वाहन रखे जाएंगे। तीनों चरणो के मतदान के एक दिन पहले बसे अधिग्रहित होगें।

#### भारती कॉलेज से दल होगा रवाना

निगम चुनाव के एक दिन पहले दस फरवरी को पुलगांव स्थित भारतीय कालेज से दुर्ग, भिलाई और रिसाली के लिए दलों को रवाना किया जाएगा। वहीं शेष निकायों का उन्ही मुख्यालय से दल रवाना करने की तैयारी है। लेकिन आयोग ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी नही किए हैं। जिसके चलते संशय की स्थिति निर्मित है। वही मतदान कहां-कहां होगा, यह भी अफसर बता नही पा रहे हैं।

#### आज से अधिग्रहित

निकाय ओर पंचायत चुनाव के लिए छोट व बडे वाहन अधिग्रहित किए जाएंगे। हांलाकि सडको में शेष बसे यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी।
**-एसएल लकडा,** आरटीओ अधिकारी दुर्ग

# ऐसी नाराजगी, व्यक्तिगत मसलों की सेल में शिकायतें




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय शिकायत सेल का गठन किया गया है। जहां अनेक अभ्यर्थियों के खिलाफ शिकायतें पहुंच रही है। किसी प्रत्याशी अवैध कब्जाधारी होने की शिकायत कर नामांकन निरस्त करने मांग की तो किसी का अन्य कारणों से नामांकन निरस्त करने मांग किया गया हैं। इसके अलावा और कई तरह की भी चुनाव संबंधी शिकायतें मिल रही है। अब तक अलग-अलग अभ्यर्थियों के खिलाफ 12 शिकायती आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

- अवैध कब्जाधारी प्रत्याशी का नामांकन निरस्त करने मांग

एक आवेदक ने पंचायत चुनाव मैदान में उतरे एक प्रत्याशी के परिवार द्वारा अतिक्रमण करने एवं प्रत्याशी का भी उसी अतिक्रमण में परिवार के साथ निवासरत होने की शिकायत की है। एक प्रत्याशी पूर्व सरपंच काल में वित्तीय अनियमितता की शिकायत करते हुए नामांकन निरस्त करने मांग किया गया तो एक ग्राम पंचायत में मितानीन द्वारा पंचायत चुनाव में नामांकन की शिकायत की गई है। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रो में एक अभ्यर्थी द्वारा सार्वजनिक भवन में कार्यालय संचालित किए जाने की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। एक निकाय के अभ्यर्थी के खिलाफ जाति बदलकर कर चुनाव लड़ने की शिकायत हुई, इसी तरह फर्जी दस्तावेज दिखाकर नामांकन का भी मामला आया। एक अभ्यर्थी ने तो नगरीय निकाय में कार्यरत कर्मचारी की शिकायत की है, कहीं चुनाव प्रचार में विघ्न पहुंचाने की भी शिकायत है। अब तक प्राप्त आवेदनो में से 5 का निराकरण भी किया जा चुका है, इसके अलावा कंट्रोल रूम में भी आनलाइन भी शिकायतें आ रही है।

# आम जनमानस का जन समर्थन मेरी जीत की गारंटी- बाघमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार जनसंपर्क एवं दौरा कार्यक्रम अपने अंतिम पड़ाव पर वार्ड क्रमांक 24 आमदी नगर वार्ड में से प्रारंभ होकर

- आमदी नगर वार्ड से शुरु हुआ जनसंपर्क

जनसंपर्क करते हुए आम जनमानस से अपनी जीत का आशीर्वाद लेते हुए वार्ड क्रमांक 23 दीपक नगर वार्ड नंबर 59 साकेत कॉलोनी वार्ड नंबर 59 कातुल बोर्ड पूर्व वार्ड नंबर 60 कातुल बोर्ड पश्चिम में पहुंचकर संपन्न हूई। आयोजित जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम में पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, प्रभारी संतोष सोनी, जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया ,पार्षद प्रत्याशी जयश्री देशमुख, मनोज सोनी, नीलम सिंह परिहार, श्वेता ओझा ताम्रकार उपस्थित रहे। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान भाजपा महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार ने कहा कि, मेरे जनसंपर्क के दौरान आम जनमानस के द्वारा जो प्रेम, स्नेह और आत्म सम्मान मिला, मेरे जीत को सुनिश्चित करता है। हमारे जो जनसंपर्क रैली थी उसमें भी स्थानीय रहवासी भी सम्मिलित होते थे। एक जगह तो यह देखने मिला एक दिव्यांग अपनी व्हीलचेयर पर बैठकर हमारे पक्ष में वोट अपील करते हमारे साथ हमारी जनसंपर्क रैली में शामिल रहा। अपने वार्ड में इस बात की पुष्टि करता है कि, आम जनमानस ने अपने मन में भारतीय जनता पार्टी को वापस नगर सरकार में बैठने का मन बना लिया है। रैली में जितेंद्र सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, मनमोहन शर्मा, बानी सोनी, शिवेंद्र सिंह परिहार, अरुण सिंह, विनोद सिंह, गायत्री वर्मा, झरना वर्मा, मौसमी ताम्रकार, तनुजा बघेल, प्रीति साहू, अंजू तिवारी, ममता गुरुर, शैलेंद्र ताम्रकार, ईश्वर देवांगन, कुंदन साहू, महेंद्र यादव, इकराम कुरैशी आदि शामिल थे।

### सभा, सम्मेलन अनुमति के लिए अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र कमांक 01 से 12 अस्थायी चुनाव कार्यालय, सभा, सम्मेलन, नुक्कड़, रैली हेतु अनुमति पत्र एवं चुनाव प्रचार हेतु वाहन की अनुमति के लिये सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत तहसीलदार दुर्ग श्रीमती क्षमा यदु को अधिकृत किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गया है।

# मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मंजूर करने के निर्देश

दुर्ग । नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 कार्यक्रम अनुसार नगर पालिका के महापौर व पार्षद पदों के लिए तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष व पार्षद पदों के निर्वाचन के लिए मंगलवार 11 फरवरी को मतदान किया जाएगा। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 कार्यक्रम अनुसार जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के निर्वाचन के लिए सोमवार 17 फरवरी, 20 फरवरी एवं रविवार 23 फरवरी को मतदान तिथि निर्धारित की गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मंजूरी में उल्लेखित प्रावधान अनुसार नियत मतदान तिथि तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1953 अंतर्गत आने वाले कारखानों व संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक व कर्मचारियों को मतदान के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा प्रक्रिया अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं।

# वार्डों में ईवीएम मशीन के प्रदर्शन का अंतिम दिन, मतदाताओं को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शिविर के अंतिम दिन 12 वार्डों के मतदाताओं को ईवीएम मशीन प्रदर्शन शिविर में मास्टर ट्रेनर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा ईवीएम मशीन की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। मतदाताओं ने कहा ईवीएम मशीन से वोट करना आसान है। हम सभी मतदान करने जायेगे। ईवीएम से पहली बार नगरीय निकाय के चुनाव हो रहे हैं। ऐसे में मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए कलेक्टर व निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश व निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में नगर निगम की टीम वार्डों में शिविर लगाकर ईवीएम से मतदान करने का तरीका बताया गया।

- कहा- ईवीएम मशीन से मतदान करना आसान

शिविर में बताया गया कि वोटिंग मशीन के उपरी हिस्से में महापौर और निचले हिस्से में पार्षद प्रत्याशियों के नाम रहेंगे। इस स्थिति में वोटिंग करते समय किसी तरह की दिक्कत न हो इसलिए बेहतर होगा कि पहले महापौर पद के प्रत्याशी को वोट दें, उसके बाद पार्षद पद के प्रत्याशी के लिए बटन दबाएं। यानि मतदाता को दो पदों के लिए वोट देना है। शिविर के अंतिम दिन में 12 वार्डों के मतदाताओं को शिविर में जागरूक किया।

**न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.**
रा.प्र. क्रमांक 202402100600080 अ-6-अ
वर्ष 2023-2024

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम तेलीगुण्डरा प.ह.नं. 38 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार पिता मकसुदन साहू निवासी ग्राम तेलीगुण्डरा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम तेलीगुण्डरा प.ह.नं. 38 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 509/3, 1278/1, 1280/1 रकबा 0.420, 1.490, 0.510 हे० भूमि का नक्शा प्राप्त हुआ जो अलग-अलग जगह दिखा रहा है। इस प्रकार नक्शा बटांकन में हुए त्रुटि हुआ है उसे सीमांकन कर सही नक्शा सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका आवेदक कृष्ण कुमार पिता मकसुदन साहू निवासी ग्राम तेलीगुण्डरा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 11.03.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**पाटन, जिला- दुर्ग (छ.ग.)**






## खबर संक्षेप

### 5 दिवसीय शिवमहापुराण कथा 20 फरवरी से



अंडा। शंकर भोला महिला भजन मंडली एवं अण्डा गुरुवार बाजार चौक में शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। व्यासपीठ आचार्य पं. महेन्द्र पाण्डेयअपनी ओजस्व ललित एवं रसमयी अमृतवाणी द्वारा कथामृत का रसास्वादन करायेंगे,कार्यक्रम 20 से 24 फरवरी कथा प्रवचन समय दोपहर 1 बजे से शिव इच्छा तक स्थान- गुरुवार बाजार चौक अण्डा कथा व्यास पंडित महेन्द्र पाण्डेय,परायण कर्ता पंडित चंदन पाण्डेय 20 फरवरी को वेदी पूजन कलश यात्रा महात्मय कथा प्रारंभ, 21 फरवरी को शिवमहापुराण परिचय शिवलिंग उत्पत्ति पूजन विधि, 22 को नारद मोह दक्ष प्रसंग कुबेर का पूर्व चरित्र, 23 को सती चरित्र शिव सती विवाह यज्ञ विध्वंश, शिव पार्वती विवाह, कार्तिक गणेश प्राकट्य तारका सुर वध, त्रिपुरासुर वध जालंधर वध, 24 को माता तुलसी की कथा, महिषासुर वध, 12 ज्योर्तिलिंग वर्णन, पार्थिव शिवलिंग अभिषेक, हवन पूजा, 24 फरवरी को सुबह 11 बजे से प्रारंभ शाम 5 बजे से भंडारा प्रसादी एवं शोभा यात्रा निकाला जायेगा। आयोजन समिति ने ग्रामीण से अपील की है कि इस कथा में अधिक से अधिक शामिल होने की अपील की है।

## निधन

### माधो प्रसाद साहू



**कुम्हारी।** निकटवर्ती ग्राम उरला निवासी माधो प्रसाद साहू का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम उरला के मुक्तिधाम में किया गया । वे अमरु राम साहू मिस्त्री के पुत्र एवं सुमति साहू, लोकेश साहू के पिता थे।

### मावड़ी पार्वती



**भिलाई।** श्याम नगर लिंक रोड केम्प 2 निवासी, भिलाई निगम कर्मी मावड़ी पार्वती का आकस्मिक निधन 7 फरवरी को रायपुर एम्स में हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 9 फरवरी रविवार को सुबह 11बजे रामनगर मुक्तिधाम में होगा, के गिरि बाबू, के काम राजू,के जगन्नाथ की बड़ी बहन एवं एम नागमणि की मां थी।

### पत्रकारवार्ता में जम के बरसे भाजपा नेता कुणाल शर्मा

# निलंबन के बाद भाजपा नेताओं ने लगाए पूर्व जिलाध्यक्ष पर गंभीर आरोप

**कांग्रेस की बी टीम बताया, पार्टी हाईकमान से करेंगे शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन



भाजपा से बागी होकर नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ रहे होरी लाल देवांगन तथा उनके सहयोग कर रहे कुछ भाजपा नेताओं की भाजपा ने कल निलंबित कर दिया है। इस निलंबन के बाद निलंबित भाजपा नेताओं ने कहा कि पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, दिलीप साहू, निक्की भाले को ही भाजपा की बी टीम बताया।

पत्रकारवार्ता में कुणाल शर्मा, राजा शर्मा, व्यासनरायण देवांगन, लक्ष्मण निर्मलकर , नितेश तिवारी सीता देवांगन, राधे यादव ने संयुक्त रूप से पत्रकारवार्ता लेते हुए कहा कि कांग्रेस की बी टीम तो भाजपा नेता जितेंद्र वर्मा ही रहे है। वह जो आरोप लगाया है वह आरोप निराधार है। जितेंद्र वर्मा पर आरोप लगाया कि पिछले कई चुनाव में जितेंद्र वर्मा की भूमिका भी संदिग्ध रही है। ब्राह्मण समाज के राजा शर्मा, नितेश तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज को टारगेट में लेकर भाजपा के लोग कार्य कर रहे है। वर्तमान भाजपा प्रत्याशी से ब्राह्मण समाज काफी नाराज है, सार्वजनिक स्थल पर ब्राह्मण समाज को आपत्तिजनक शब्द कही गई है जिसे आज तक ब्राह्मण समाज नहीं भुला पाया है। पत्रकार वार्ता में मौजूद निर्मलकर समाज से लक्ष्मण निर्मलकर, गृहणी सीता देवांगन, बुनकर संघ के पूर्व अध्यक्ष व्यवसनारायण देवांगन, यादव समाज के राधे यादव ने कहा कि बिना नोटिस जारी किए निलंबन किया गया है। इस तरह से निलंबन की कार्रवाई हुई तो भाजपा के और भी कई लोग निलंबित हो सकते है। पत्रकार वार्ता में बताया कि भाजपा जितने भी परेशान करे इसके बाद भी हम सब एकजुट है। पहले दिन से मजबूत थे उससे ज्यादा अभी मजबूत स्थिति में है। पत्रकारवार्ता में मौजूद कुणाल शर्मा ने कहा कि भाजपा के नेताओं द्वारा कांग्रेस का बी टीम कहना दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग होने के कारण टिकिट मांगे थे।

### धनोरा में चल रहें हैं शतचंडी यज्ञ

# महायज्ञ की परिक्रमा करने से सारे संकट होते है दूर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

बाबा दरबार धनोरा ग्रामवासियों महावीर उद्यान पर शत चंडी यज्ञ श्रीहनुमंत कथा श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराधा कृष्ण मंदिर समिति के विशेष सहयोग से हर साल माघी पुन्नी मेला के अवसर पर लगभग 67 वर्ष से श्रीमद्भागवत कथा निरंतर चल रहा है, लेकिन दो वर्ष से बाबा दरबार धाम की ओर से इस ग्राम में यज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन होते आ रहा है। लक्ष्मण बाबा ने कहा कि माघी पुन्नी के दिन यहां पर मेला मंडाई एवं श्रीराधा कृष्ण मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है। सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक निरंतर चलता रहता है। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण करते हैं एवं हर घर दूर-दूर से सगा पहुना मेला कथा सुनने के लिए आते हैं। मेला के रात्रि में आने वाले के लिए भक्तों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ के नाच या छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष बनारस से पधारे विद्वान पंडितों के द्वारा शतचंडी यज्ञ किया जा रहा है। इस महायज्ञ स्थल में परिक्रमा करने से सारे संकट दूर होते हैं एवं सभी मनोकामनाएं पूरी होते हैं। हर रोज़ कम से कम सुबह शाम 51 परिक्रमा करना चाहिए कोई भी दान को धर्म मे लगाना चाहिए ताकि हमे भी उनका पुन्य प्राप्त हो इस गुप्त नवरात्रि मे मां भगवती की विशेष कृपा से यहां पर शत चंडी यज्ञ एवं श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा का गंगा बह रहे है जिसमें हजारों भक्तों ने हर रोज डुबकी लगा कर अपने जीवन कृतार्थ कर रहे हैं दरबार के भक्तों द्वारा चित्रकुट धाम से पहुंचे। हनुमंत द्वार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्र चार्य महाराज का सभी भक्तों ने हार फुल से विशेष स्वागत किया। दोपहर 1 बजे से जगतगुरु धीरेन्द्र जी महाराज ने अपने मुखारविंद से श्री राम कथा का महत्व बताया जिसे सुनकर, सभी भक्तों ने भाव विभोर होकर झुमने लगे यह कथा 8 से 12 फरवरी तक श्रीराम कथा एवं शत चंडी यज्ञ निरंतर चल रहे हैं। विनोद साहू, झब्बू साहू, सुखी राम साहू, गुलाब साहू, जीवराखन, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, बबलू साहू आदि मौजूद थे।

# पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता में भवानी और साक्षी रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमधा



- 2023-24 में प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से किया सम्मानित

शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल धमधा में वर्ष 2023-24 में 12वीं में अपनी कक्षा में प्रथम व दसवीं में स्कूल में प्रथम कन्याओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगमोहन सिन्हा ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए सुरता-2020 द्वारा जनसहयोग से स्थापित चिरस्थाई योजना है। अपनी संस्था अभिनव जीवन कल्याण समिति के माध्यम से 5 बेटियों को पूरे कॉलेज कुछ पढ़ाई कराने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर विशेष अतिथि शीतल ताम्रकार ने पुरस्कृत बच्चों को निरंतर प्रगति करते हुए अच्छी पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विधायक प्रतिनिधि मोहन पटेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष विमल ताम्रकार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। स्कूल के व्याख्याता ओपी रजक ने प्रतिभा प्रोत्साहन मद में 10 हजार दान किया। ज्योतिबाला गुप्ता और प्राचार्या भी दानदाताओं में सहभागी हैं। उक्त मद में जमा राशि के ब्याज से प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को स्वर्ण मंडित रजत पदक से सम्मानित किया जाता है। स्व. बलीराम देवांगन स्मृति पदक बारहवीं गृह विज्ञान 83 प्रतिशत, शीतला, स्व.चैन सिंह पटेल स्मृति पदक गायत्री बारहवीं कला 76.6 प्रतिशत, स्व.चोखेलाल कसार स्मृति पदक बारहवीं वाणिज्य 72.4 प्रतिशत दुर्गा यादव, स्व. हिम्मत लाल ताम्रकार स्मृति पदक बारहवीं गणित 77 प्रतिशत, रेशमी साहू, स्व. हरीराम देवांगन स्मृति पदक भावना जीव विज्ञान 77.3 प्रतिशत तथा दसवीं में पूरे स्कूल में प्रथम स्थान हासिल करने पर कुमकुम सोनकर, 83.3 प्रतिशत को संध्या सिन्हा द्वारा सप्रेम भेंट व जितेश्वरी 83.3 प्रतिशत को स्व. हेमिन सिन्हा की स्मृति पदक से नवाजा गया। प्राचार्य सरिता लिखारे ने बताया कि यह स्कूल तीन वर्ष से ब्लाक में प्रथम स्थान पर काबिज है। यहां व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत ब्यूटीपार्लर व हेल्थकेयर का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। आईसीआईसीआई फाउंडेशन की ओर से वाटर हार्वेस्टिंग व एक एकड़ जमीन में 36 प्रकार के 8 हजार औषधि व अन्य फल फूल के पौधे विकसित किए गए हैं और एक वर्ष एक उनकी देखभाल की जाएगी। साल का अंतिम शैक्षणिक सत्र होने पर 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस बीच पोस्टर निर्माण में कुछ भवानी साहू प्रथम, डॉली साहू द्वितीय रंगोली प्रतियोगिता में साक्षी सोनकर प्रथम और गायत्री ढीमर द्वितीय रही। इन्हें भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। श्रद्धा सिन्हा ने एकल नृत्य व धनेश्वरी साहू ने समूह नृत्य प्रस्तुत कर मनमोह लिया। इन्हें अतिथियों द्वारा नगद पुरस्कार दिया गया। संचालन कमलेश द्वारा किया गया।

### छाटा में भागवत कथा 13 फरवरी से

**सेलूद।** ग्राम छाटा में 13 फरवरी से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 21 फरवरी तक चलेगा। कथा का समय दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी। कथा के मुख्य यजमान गिरधर लाल बघेल एवं शैल बघेल हैं। कथा व्यास से बाल विदुषी रेणुका गोस्वामी ग्राम लेवई भाटापारा जिला बलौदाबाजार कथा सुनाएगी। गिरधर बघेल परिवार द्वारा भागवत कथा का आयोजन अपने पिता स्वर्गीय बृजलाल बघेल, माता स्वर्गीय भूलिन बाई एवं पुत्री स्वर्गीय सुमन बघेल की स्मृति में कराया जा रहा है।

## दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत से कुम्हारी के कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

- पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों व कार्यकर्ताओं की मेहनत को बताया



**कुम्हारी।** शनिवार को भाजपा कुम्हारी मंडल द्वारा कुम्हारी बस्ती बाज़ार चौक में दिल्ली विधान सभा में भाजपा की शानदार जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फटाके फोड़े एवं मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकलकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्ग एवं पर्वेक्षक नगरीय निकाय चुनाव जिला दुर्ग जितेंद्र वर्मा ने कहा कि 10 साल बाद दिल्ली में पुनः भाजपा की शानदार वापसी हुई है। यह ऐतिहासिक जीत है। कुम्हारी चुनाव समन्वयक, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू ने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत को बताया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश साहू, राकेश पाण्डेय, अशोक दीवान, बबला चन्द्राकर, दीपक चतुर्वेदी, मनोज वर्मा, मिथलेश यादव, फिंगेश्वर साहू, पीएन दुबे, इमरान रिज़वी एवं तृप्ति चन्द्राकर आदि मौजूद थे।

### शिवाजी की मूर्ति में माल्यार्पण कर चुनावी मैदान में उतरी आशा



**निकुम।** दुर्गग्रामीण विधान सभा में चुनावी राजनीति का रंग दिखने लगा है, क्षेत्र क्रमांक 7 में तीन प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य बनने चुनावी रण में उतर गयी है, वही ग्राम भोथली के दिव्यांग पूर्व सरपंच सुरेश साहू ने अपने बैशाखी व हौसले व जनता का आशीर्वाद लेकर अपने पत्नी आशा सुरेश साहू को चुनाव में जिताने जनसमर्थन के साथ चुनाव में जीत का संकल्प लेने ग्राम तिरगा में शिवाजी की प्रतिमा पूजा अर्चना माल्यार्पण कर अपने चुनावी प्रचार का श्रीगणेश गावं-गांव ग्रामीणों से मिलकर जनआशीर्वाद लेकर गली मोहल्ले में भेंट मुलाकात की। गौरतलब कि दिव्यांग सुरेश साहू बीते एक दशक से ग्राम सरपंच रहते हुए अपने गांव भोथली की विकास कार्यों से नई पहचान बनाई , वहीं सरकारी स्कूल भोथली में स्कूली बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए स्मार्ट बोर्ड ,स्मार्ट टीवी ,सहित कई सुविधाएं दी ,वहीं दिव्यांगता को दूर करने ग्रामीणों को लगातार जागरुक करे रहे ,वहीं भाजपा समर्पित जिला पंचायत प्रत्याशी आशा साहू ने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में समर्थकों ने तिरगा व झोला क्षेत्र में दौरा किया ,वहीं 9 फरवरी को निकुम में जनता से जनआशीर्वाद लेने घर घर जायेगी।

### शक्ति जोन के कार्मिकों को मिला शिरोमणि पुरस्कार



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार समारोह में शक्ति सुविधाएँ (पावर फेसिलिटी) जोन के उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले कार्मिकों को कर्म शिरोमणि एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी एवं (पीईएम) अभय कुमार द्वारा की गई। पाली शिरोमणि पुरस्कार से अप्रैल से जून 2024 तिमाही के लिए सहायक महाप्रबंधक गुणवंत प्रेमलाल गजभिये, जुलाई से सितम्बर के लिए उप प्रबंधक महेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। कर्म शिरोमणि पुरस्कार से माह जुलाई के लिए जूनियर ई.ए पंकज राठौर, माह अगस्त 2024 के लिए चार्जमेन कम मास्टर ऑपरेटर राकेश कुमार साहू, माह सितम्बर 2024 के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट लीलाधर वाहने, माह अक्टूबर के लिए चार्जमेन कम सीनियर ऑपरेटर अरविंद सिंह, माह नवम्बर चार्जमेन कम सीनियर ऑपरेटर कैलाश कुमार वामनकर तथा माह दिसम्बर जूनियर ईए एसहरी शंकर राव को सम्मानित किया गया।

## बिजनेस साइट

# आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 6 महीने के शिशु के दुर्लभ मूत्र रोग का सफल इलाज



**भिलाई।** आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक 6 महीने के शिशु के पोस्टीरियर यूरेथ्रल वाल्व (पीयूवी) का सफलतापूर्वक इलाज कर एक और जीवन को नई उम्मीद दी है। यह स्थिति मूत्र पथ की झिल्ली के चिपकने से उत्पन्न होती है, जिससे मूत्रमार्ग में अवरोध पैदा होता है और मूत्र के प्रवाह में कठिनाई होती है।

शिशु को जन्म के बाद से ही बार-बार पेशाब में कठिनाई, किडनी का फुल जाना, पेट फूलना और संक्रमण जैसी समस्याएं हो रही थीं। माता-पिता ने जब इसे गंभीरता से लिया और डॉ. नवीन राम दारुका से परामर्श किया, तो जांच के बाद पता चला कि बच्चा पोस्टीरियर यूरेथ्रल वाल्व नामक दुर्लभ मूत्र विकार से ग्रस्त है। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट और सर्जन डॉ. नवीन राम दारुका की टीम ने तुरंत बच्चे की स्थिति को समझा और उसे सर्जरी के माध्यम से इलाज करने का निर्णय लिया। यह प्रक्रिया पूरी तरह से मिनिमली इनवेसिव थी, जिसमें बिना बड़े चीरे के, उन्नत तकनीक का उपयोग करके मूत्रमार्ग को अवरोध मुक्त किया गया। सफल सर्जरी के बाद शिशु अब पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य रूप से मूत्र त्याग कर रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, यदि इस समस्या का समय रहते इलाज न किया जाए, तो यह गुर्दे की विफलता जैसी गंभीर जटिलताओं को जन्म दे सकती है। शिशु के माता-पिता ने आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा, हमें उम्मीद नहीं थी कि इतने छोटे बच्चे का ऑपरेशन इतनी जल्दी और सफलतापूर्वक हो जाएगा। हम डॉक्टरों के शुक्रगुजार हैं, जिन्होंने हमारे बच्चे को नई जिंदगी दी। डॉ. दारुका ने कहा कि यदि आपके बच्चे को भी पेशाब में किसी प्रकार की परेशानी हो रही है, तो देर न करें और विशेषज्ञ डॉक्टर से तुरंत परामर्श लें। स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है, और सही समय पर लिया गया निर्णय जीवन बचा सकता है।

### रिसाली आयुक्त ने देखी एसएलआरएम की व्यवस्था

**भिलाई।** कचरा पृथक केन्द्र में केवल कचरा नहीं अब उपयोगी सामानों को भी सहेजने का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने रूआबांधा एसएलआरएम सेंटर में बनाए आरआरआर सेंटर को विस्तार करने कहा है। साथ ही घरों से निकलने वाले गीले कचरा से खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने पीट तैयार करने के निर्देश दिए है। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने रूआबांधा एसएलआरएम सेंटर में बने आरआरआर (रेड्यूज रियूज रिसाइकल) को विस्तार करने निर्देश दिए है। दरअसल प्रचार-प्रसार के बाद अब आम नागरिक ऐसे सामानों को सुरक्षित तरीके से पहुंचा रहे, जिनका उपयोग वे नहीं करते, किन्तु सामानों को जरूरतमंदो को दिया जा सके। इसके लिए एस.एल.आर.एम. सेंटर में तीन स्टील रेक के अलावा सामानों को सुरक्षित रखने आलमारी की व्यवस्था की गई है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 9 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129

04



डेनिम शर्ट और स्ट्रॉ हैट

## लाइव इवेंट

### माता रमाई के संघर्ष और समर्पण का किया स्मरण, सामूहिक त्रिशरण पंचशील का पाठ



**भिलाई।** भिमाई महिला मंडल कोसानगर के तत्वावधान में माता रमाबाई अंबेडकर की प्रतिमा के पास माता रमाई की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को अतिथियों आयुष्मति प्रेरणा धाबर्डे और आयुष्मति कुंदा धवले ने माता रमाई के त्याग ,बलिदान, संघर्ष, साहस ,सहयोग और समर्पण से अवगत कराया। इसके पहले सर्वप्रथम तथागत भगवान गौतम बुद्ध, बाबा साहेब अंबेडकर, माता रमाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती और अगरबत्ती प्रज्वलित की गई साथ ही सावित्रीबाई फुले ज्योतिबा फुले और सम्राट अशोक के प्रतिमा पर भी माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। सामूहिक त्रिशरण पंचशील का पाठ किया गया। इस अवसर पर बौद्ध कल्याण समिति के संस्थापक तथा पूर्व अध्यक्ष नेकराम रामटेके, आयुष्मान राजेश वंजारी, आयुष्मान अशोक धवले और डॉक्टर उदय धाबर्डे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। अनेक उपासक और उपासिकाओं ने माता रमाबाई अंबेडकर के त्याग को दर्शाने वाले गीतों से समा बांध दिया। केक काटा गया और स्वल्पाहार पश्चात कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। उपस्थित सभी लोगों ने बुद्ध भूमि परिसर कोसा नगर में लगातार कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को संगठित करने के प्रयास की सराहना की। आयुष्मति कुंदा अशोक धवले तथा आयुष्मति प्रेरणा उदय धाबर्डे ने बौद्ध कल्याण समिति को 25-25 कुर्सियां दान में देने की घोषणा की। जिसका उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से स्वागत और आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन भिमाई महिला मंडल की अध्यक्ष आयुष्मति दानशीला रामटेके ने किया और आभार प्रदर्शन बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शेन्डे ने किया।

## सिटी इवेंट

### क्षत्रिय माता कलार समाज का मिलन समारोह आज

**भिलाई।** क्षत्रिय माता कलार समाज छत्तीसगढ़ द्वारा रविवार 9 फरवरी को गुरुद्वारा परिसर न्यू खुर्सीपार भिलाई में भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की पूजन, सामाजिक मिलन सम्मान समारोह, वार्षिक सम्मेलन का आयोजन है। इस दौरान महिला समिति द्वारा भव्य हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम भी होगा। समिति के मीडिया प्रभारी प्रवीण धुवे ने बताया कि मुख्य अतिथि भूतपूर्व नगर अध्यक्ष नगर पालिका बालाघाट अनिल द्वारा, अध्यक्षता संस्थापक सचिव क्षत्रिय मराठा कलार समाज लोकतंत्र सोनवाने, विशिष्ट अतिथि में राष्ट्रीय संयोजक सर्व वर्गीकरण समाज बालाघाट नरेंद्र धुवारे , समाजसेवी व चिकित्सक देवरी आमगांव डॉक्टर अनिल चौरागढ़ , राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्ववर्गीय कलाल समाज अमरावती रेखा गजानन प्रिपांले , उपाध्यक्ष क्ष.म.क.समाज गोंदिया पूजा नंद किशोर डाहाके,सीए समाज सेवक नागपुर राजकुमार डोहरे , अध्यक्ष श्रीमहिला समिति क्ष.म.क.समाज नागपुर श्वेता संजय धुआंधपार, भूतपूर्व अध्यक्ष महिला समिति क्ष.म.क.समाज गोंदियाशोभा तिलक चंद धुवारे , जिला महिला जिला प्रभारी क्ष.म.क.समाज गोंदिया नीता दिलीप धपाड़े, संस्थापक सदस्य कलार प्रीमियर लीग नागपुर देवेंद्र डोहरे, सचिव महिला समिति क्ष.म.क.समाज गोंदिया रेखा अशोक चौरागड़े शामिल होंगे। क्ष.म.क.समाज छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष इति जगदीश धुवे ने बताया कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। रक्तदान करने वाले व्यक्ति को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### जरुरतमंदों के लिए रक्तदान, रेयर ग्रुप ए निगेटिव भी ब्लड बैंक में कराया उपलब्ध



**भिलाई।** रक्तदान जीवन दान अभियान के तहत समाजसेवी संस्थाओं के माध्यम से लगातार ब्लड बैंक कैम्प लगाए जा रहे हैं। मुख्य रूप से सिकल सेल, कैंसर, दुर्घटना में घायल मरीजों को ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा एनीमिक और डिलीवरी के समय भी महिलाओं की ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है। दुर्ग ब्लड बैंक के माध्यम से ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है। बता दें कि जिला चिकित्सालय का ब्लड बैंक पूरे प्रदेश में रक्तदान शिविर के मामले में पहले नंबर पर है। वर्तमान में ए पॉजिटिव ब्लड जीवन दीप समिति के मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर ने उपलब्ध कराया। उन्होंने 14 वें बार रक्तदान किया। ए निगेटिव ब्लड जो रेयर ग्रुप है, इसे भी पाइल्स के पीड़ित मरीज को उपलब्ध कराया गया। नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल की सक्रियता और मार्गदर्शन से नरेश कुंभकार ने इस ब्लड ग्रुप का रक्त प्रदान किया। जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, काउंसलर टीएस एंटोनी, स्टाफ नर्स सती गुप्ता, रोशन सिंह, रूपेश सपरे, सतीश सुराना सहित अन्य इस सेवा कार्य में लगातार सक्रिय हैं।

**सिद्धि विनायक मंदिर में वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन, 19 वर्ष पहले स्थापित की गई थी प्रतिमा**

# पूजे गए नगर के देवता, चंदन का लेप लगाकर किया अभिषेक, चेन्नई से आए पंडितों ने कराया अनुष्ठान, शाम को नवग्रह पूजन और पूर्णाहुति के बाद भंडारा

सिद्धि विनायक मंदिर इंदिरा मार्केट का 19 वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन में लगातार मंत्रोच्चार से पूरा मंदिर परिसर गूंजायमान रहा। विधि-विधान से पूजा और अन्य अनुष्ठान कराए गए। चेन्नई तमिलनाडु से पधारे पंडितों के सानिद्ध में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजन के दूसरे दिन सुबह से सिद्ध विनायक भगवन का अभिषेक शुरू हो गया। पूरे दिन अलग-अलग कार्यक्रम हुए। इसके बाद शाम को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।





**दुर्ग।** सिद्धि विनायक मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलश पूजन से आयोजन की शुरुआत हुई। नगर देवता के रूप में प्रसिद्ध इंदिरा मार्केट स्थित सिद्धि विनायक मंदिर के 19 वें वार्षिक स्थापना दिवस पर पूरे दिन विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। चेन्नई से आए विद्वान पुरोहितों ने अनुष्ठान संपन्न कराया। इस अवसर पर शनिवार को पूर्णाहुति हुई। देर शाम भंडारा का आयोजन किया गया। शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए चेन्नई के पंडितों को सानिद्ध में पूरे संस्कार और अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रमुख रत्नाकर राव, अनिल जायसवाल, रामनरेश मिश्रा, अनिल जैन, सुरेश मिश्रा, राजेश शर्मा, विजय गुप्ता, सुरेश देवांगन, केवश राजपूत सहित अन्य मौजूद थे। आयोजन समिति के अनिल जायसवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष मंदिर परिसर में स्थापना दिवस उत्सव के रूप में मनाया जाता है। दक्षिण भारत से आए पंडितों द्वारा विधि-विधान से सारे संस्कार संपन्न कराए जाते हैं। इस बार भी पारंपरिक तरीके से सिद्धि विनायक की पूजा-अर्चना और हवन-पूजन हुआ। हजारों की संख्या में भक्तों ने नगर देवता के दर्शन किए।

### किया गया जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक, सुबह से लगा रहा भक्तों का तांता

मंदिर में भगवान का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया गया। सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। नगर देवता के रूप में पूजे जाने वाले श्री सिद्धि विनायक मंदिर इंदिरा मार्केट में दक्षिण भारत से आए विद्वान पुरोहितों ने सारे संस्कार संपन्न कराए। शाम को अनुज्ञा पूजन, विध्नेश्वर पूजा, प्रथम काल यज्ञशाला पूजन और 108 कलश पूजन किया गया। रात्रि में आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। इससे पहले सुबह नदी तीर्थ पूजन, महासंकल्प, महागणपति हवन, यज्ञशाला पूजन के साथ पूर्णाहुति व अभिषेक हुआ। इस दौरान विध्नेश्वर पूजा, महामृत्युंजय हवन, नवग्रह हवन, महापूर्णाहुति हुई।





# जीके लायंस ने 9 विकेट से जीता मैच, अंकित सिंह रहे मैन ऑफ द मैच



**भिलाई।** बीपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में किया जा रहा है। दिन का पहला मैच संडे 11 और जी के लायंस के बीच खेला गया। जीके लायंस ने 9 विकेट से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अंकित सिंह, गेम चेंजर अर्जुन त्यागी रहे। दूसरा मैच सीजी-11 और रॉयल स्ट्राइकर के मध्य खेला गया। रॉयल स्ट्राइकर ने यह मैच 6 विकेट से जीता। मैन ऑफ द मैच मुकेश, गेम चेंजर अमन रहे। तीसरा मैच भिलाई बॉयज और सीजी टाइगर प्रणाम के बीच हुआ। सीजी टाइगर्स ने 8 रन से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच अनुज मिश्रा, गेम चेंजर गंभीर सिंह रहे। चौथा मैच ओजी-11 और स्नाइपर के बीच हुआ। स्नाइपर ने 29 रन से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मयंक वर्मा, गेम चेंजर संतु रहे। पांचवां मैच सीजी टाइगर्स और रॉयल स्ट्राइकर के बीच खेला गया। रॉयल स्ट्राइकर ने 8 विकेट से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच भीमराज मीणा, गेम चेंजर विनय छोटा रहे। भिलाई बॉयज और संडे-11 के बीच खेले गए मैच में&nbई बॉयस ने 57 रन से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच अरुण यादव, गेम चेंजर अभिषेक सिंह रहे। मैचों के अंपायर राधेश्याम, हरिशंकर यादव, गुनेश्वर डहरिया, स्कोरर विनोद देवघरे, कॉमेंटेटर मनमद राव, अभय सुधाकर, अजय तोमरिया, महेश साहू, दिलीप यादव थे। मैच के दौरान मुख्य रूप से रवि शंकर सीजीएम बीएसपी मौजूद थे। इस अवसर पर राजेश शर्मा, अविनाश वेगी, उषाकर चौधरी, भानु साहू, अनिल सिंह, विवेक गौरव सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नितिन कश्यप ने किया।

> ■ बीएसपी क्रिकेट मैदान सेक्टर-1 में खेला जा रहा मैच

# ट्रक चलाने वालों की बेटियों की शादी में एसोसिएशन ने की आर्थिक मदद

**भिलाई।** ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपने परिवहन परिवार के सदस्यों की खुशियों में भागीदारी की। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन से जुड़े हुए ड्राइवर गिरधारी की बेटी कुमारी कस्तूरी, ड्राइवर मनोज प्रभाकर सिंह की बेटी खुशबू, और वहीद अंसारी की बहन मुस्कान बानो के विवाह के शुभ अवसर पर प्रत्येक परिवार को 25,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर संरक्षक सुधीर ठाकुर, महेंद्र सिंह, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष बलजिंदर सिंह, दिलीप खटवानी, कोषाध्यक्ष जोगा राव, सचिव शाहनवाज कुरैशी, गुरमीत सिंह, रमन राव, गुरजीत सिंह, विनय अग्रवाल, पंकज शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



**छत्तीसगढ़ में पहली बार : म्यूकोरमाइकोसिस से पीड़ित का आधुनिक तकनीक से कम बजट में ऑपरेशन, मिली सफलता**

# ब्लैक फंगस के कारण आंखों, जबड़े और दांतों को पहुंचा था नुकसान, सर्जिकल प्लानिंग और डिजिटल स्कैनिंग कर नई तकनीक से सफल इलाज

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** कोविड काल के बाद अनेक लोग कई प्रकार की बीमारियां सामने आ रही हैं। इसमें ब्लैक फंगस से भी कई लोग प्रभावित हुए थे। वे इस बीमारी से अब तक लोग जूझ रहे हैं। अब देश-विदेश के विशेषज्ञ डॉक्टर सहित दुर्ग-भिलाई के डॉक्टर्स ने भी इस जटिल बीमारी से मरीजों को निजात दिलाने में सफलता हासिल की है। स्टील कालोनी दुर्ग निवासी पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर के बेटे डॉ. नीरज चंद्राकर ने ब्लैक फंगस (म्यूकोर्मिकोसिस) के कारण खोई हुई आंख, जबड़े और दांतों को डेंटल इम्प्लांट और सिलिकॉन के साथ सफलतापूर्वक पुनर्वासित किया है। उनकी इस सफलता से ब्लैक फंगस से शिकार मरीजों के सामने अन्य अंगों को नुकसान का खतरा कम हुआ है। उन्हें राहत मिली है।

### एक साल से अधिक फालोअप के बाद मरीज स्वस्थ

एमडीएस डॉ. नीरज चंद्राकर ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया कि म्यूकोरमाइकोसिस के कारण होने वाले ऑरो-ऑर्बिटल दोष (जबड़े और आंख का खो जाना) का बिलासपुर के मरीज का सफलतापूर्वक इलाज किया है, जो चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता है। दुनिया भर में पहली बार म्यूकोरमाइकोसिस के कारण ऑरो-ऑर्बिटल दोष से पीड़ित एक मरीज



को डेंटल इम्प्लांट का उपयोग करके सफलतापूर्वक पुनर्वासित किया गया है। एक वर्ष से अधिक के फॉलोअप के साथ, रोगी ने उत्कृष्ट कार्यात्मक और सौंदर्य सुधार का प्रदर्शन किया है। इस नए तकनिक के उपचार ने दुनिया भर में इसी तरह की स्थितियों से जूझ रहे रोगियों के लिए आशा की एक नई किरण दिखाई है।

### 2022 में शुरू किया उपचार, कई चुनौतियों का किया सामना

डॉ. चंद्राकर बताते हैं कि सफल परिणाम प्राप्त करने के लिए कई प्रक्रियागत चुनौतियों को पार करना पड़ा। उपचार 2022 में शुरू किया गया था। उपचार पूरा होने में एक वर्ष की अवधि में 60 घंटे से अधिक का समय लगा। कैंसर से संबंधित दोषों के पुनर्निर्माण में दंत प्रत्यारोपण के उपयोग के साथ उनके अनुभव ने चुनौतियों पर काबू पाने में सहायता की है। उपचार के दौरान सॉफ्टवेयर-आधारित सर्जिकल प्लानिंग, उडी प्रिंटिंग, कंप्यूटर-गाइडेड सर्जरी, डिजिटल स्कैनिंग और डिजिटल प्रोस्थेटिक फैब्रिकेशन जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। इस उपचार को अलग करने वाली बात डेंटल इम्प्लांट है, जो ऐसे दोषों के लिए आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले कस्टमाइज्ड इम्प्लांट की तुलना में पहले से अधिक प्रभावित हुए हैं।

### प्रोटोकॉल में क्रांतिकारी बदलाव, पुराना चेहरा वापस मिला

डॉ. चंद्राकर ने बताया कि उपचार प्रोटोकॉल में क्रांतिकारी बदलाव आया है। यह सफल प्रक्रिया खोए हुए चेहरे के हिस्से या जबड़े की हड्डी के पुनर्वास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति को उजागर किया है। यह प्रक्रिया एक आशाजनक समाधान के रुप में देखा जा सकता है, जो प्रभावकारिता, सामर्थ्य और कम आक्रामक तकनीकों को जोड़ता है। इससे उपचार सुलभ हो जाता है। यह रोगी को बेहतर परिणामों का मार्ग प्रशस्त करता है। म्यूकोर्मिकोसिस जैसी स्थितियों के कारण होने वाले ऑरो-ऑर्बिटल दोषों के लिए उपचार प्रोटोकॉल में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

यह मील का पत्थर विभिन्न रोगों के कारण विकृत चेहरा से पीड़ित मरीज़ के लिए नई उम्मीद लेकर आया है, यह दर्शाता है कि दंत प्रत्यारोपण का उपयोग जटिल पुनर्निर्माण चुनौतियों के लिए एक व्यवहार्य, अनुमानित और सुलभ समाधान हो सकता है।



## सिटी इवेंट

# पंचशील बुद्ध विहार में मनाई गई माता रमाई जयंती, लिया संकल्प



**भिलाई।** डॉ.भीमराव अंबेडकर जन सेवा सामाजिक समिति के तत्वावधान में रमाबाई अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष भागवत शेंडे ने रमाबाई अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर इंदु उके, कांता मासूरकर, रमा गजभिए, सुनीता मेश्राम, नामेश्वरी सोनतीपरे, आशीष चौहान ने रमाबाई के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि रमाबाई का जन्म एक गरीब दलित परिवार में हुआ था। डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन रमाबाई से काफी प्रभावित था। उन्होंने भीमराव अंबेडकर की विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी मदद की थी। सामाजिक न्याय और सुधार के लिए उनके प्रयासों का भी समर्थन किया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष भागवत शेंडे, उपाध्यक्ष बबीता भैसारे, मीडिया प्रभारी प्रकाश श्याम कुंवर, महासचिव हितेश श्यामकुवर, सचिव विनय बोरकर, उपाध्यक्ष शुभम बोरकर, महिला समिति अध्यक्ष कांता मासूरकर, महासचिव रमा गजभिए, सह सचिव सुनीता मेश्राम, सचिव अंजलि श्यामकुंवर, उपाध्यक्ष सविता वासनिक सिंधु, शालीना मेश्राम, गीता बोरकर, अनिता कराडे, लीहिनता फुले, इंदु ताई ऊके, लक्ष्मी गायकवाड़, मीना बोरकर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन प्रकाश श्यामकुंवर ने किया।

■ समिति के सदस्यों ने सिद्धांतों पर चलने का लिया संकल्प

## धर्म इवेंट

# अनीति व अधर्म से कमाए धन में कलयुग का वास- पं. पवन





**भिलाई।** मां दुर्गा मंदिर समिति की ओर से केम्प 2, वार्ड 34 में आयोजित देवी भागवत कथा के दौरान कथावाचक पं. पवन तिवारी ब्राम्हणभेड़ी वाले ने छठवें दिन राजा परीक्षित के राज्य में कलयुग के प्रवेश और दानी राजा हरिश्चंद्र की कथा सुनाई। कथाव्यास से पवन तिवारी ने बताया कि अधर्म व अनीति से कमाए धन में कलियुग का वास होता है। अधर्मी जरासंध के सोने के मुकुट पहनने पर राजा परीक्षित ने कलयुग के प्रभाव से समीक मुनि के गले में मरे सर्प को डाल दिया, श्राप से तक्षक सांप के काटने से 7 दिन बाद मौत हो गई। पुत्र जन्मेजय द्वारा देवी भागवत कराने से परीक्षित की आत्मा को मोक्ष मिला। राजा हरिश्चंद्र के प्रसंग पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठें। उन्होंने बताया, हरिश्चंद्र ने विपत्तियों में भी सत्य का मार्ग नहीं छोड़ा। सत्य मार्ग पर चलने वाले विपत्ति के बाद भी जीतते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर का नाम लेते हुए सत्य मार्ग को अपनाना चाहिए, तभी मोक्ष पा सकते हैं। कलियुग में ईश्वर के नाम लेने मात्र से भवसागर पार हो जाता है। कथाश्रवण करने वालों में महेश शर्मा, हेमलाल निर्मोही, विदेशी साव, कांति, गंगा साहू सहित क्षेत्र के आसपास के लोग शामिल थे।

■ राजा हरिश्चंद्र प्रसंग पर भाव-विभोर हुए

## समाज लाइव

# शिक्षा व संस्कार का संचार करने किया हवन-पूजन



**भिलाई।** मगध तैलिक समाज द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ व बसंतोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाज में शिक्षा, संस्कार, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करने किया गया था। मगध समाज भवन प्रांगण में मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना कर विधिवत पूजन किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने सपत्नीक पूजा में भाग लिया साथ ही सभी पदाधिकारी भी पूजन में उपस्थित थे। पूजा के बाद समाज जनों के लिए विशेष भोग प्रसाद का वितरण किया गया। शाम को सामूहिक सुंदरकांड पाठ और महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। यह आयोजन समाज में सुख-शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति के लिए किया गया था। । इस अवसर पर समाज के सभी सदस्यों द्वारा हवन मे आहूति देकर पूजन कर ज्ञान, विवेक एवं समाज की उन्नति का आशीर्वाद लिया। इस आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी विनोद साव, द्वारिका प्रसाद, शंभू साव, शशिकांत साव, महेश, जुगनू, शंकर, अरविंद साव, सुरेंद्र साव, संजय, महाराणा प्रताप साव, रितेश, राजकपुरी, पन्नालाल साव, सुभाष प्रसाद, प्रमोद सहित समाज की महिला प्रकोष्ठ अर्चना, रश्मि, रीना, आस्था, ममता, अंजू, मंजू, दौलती, आशा और सामाजिक लोग उपस्थित रहे।इस आयोजन के माध्यम से समाज में शिक्षा और विद्या का प्रचार-प्रसार, सामूहिक सुंदरकांड पाठ द्वारा सकारात्मकता एवं शांति, सामाजिक समरसता तथा भाईचारे को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

■ मगध तैलिक समाज द्वारा की गई महाआरती

## ● श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में 36वां वार्षिकोत्सव

# मराठी, राजस्थानी और देश भक्ति गीतों पर नन्हें बच्चों ने दिखाया देश प्रेम, प्रतिभावान बच्चे और सुपर मॉम हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** मैंने कहा फूलों से, अपना हर दिन ऐसे जियो, हर घड़ी बदल रही है, मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा तू, शंकराचार्य भुजंग स्त्रोत्रम सहित मराठी, राजस्थानी लोक नृत्य व देश भक्ति गीतों पर नन्हें बच्चों की एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव में स्कूल के शिक्षकों की मेहनत रंग लाई। श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में बाल वाटिका पूर्व प्राथमिक-कक्षा द्वारा 36वां वार्षिकोत्सव कनकधारा बड़े उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से के जी. 2 बाल वाटिका के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्टूनिस्ट और एडिटर त्रंयम्बक शर्मा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष वी रामचंद्रन, सचिव एस स्वामीनाथन, टी. आर वेंकट रमण, पालक शिक्षक समिति सदस्य, प्राचार्य बिपिन देशमुख, प्रधान अध्यापिका शोभा नायर, शीजा जॉन, चरनीत कौर संधू, बाल वाटिका प्रभारी शोभना कुमार उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती और चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती स्वामिगल कांची कामकोटि पीठम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाया। नन्हें-मुन्हें बच्चों की एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियों का अभिभावकों ने आनंद उठाया।



### बच्चों को सभी गतिविधियों में भाग लेने किया प्रेरित

प्राचार्य बिपिन देशमुख ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। त्रयंम्बक शर्मा ने शाला की चहुंमुखी उपलब्धियों और शिक्षकों के कार्यों के सराहना की और अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें और नव निहालों को विद्यालय की सभी गतिविधियों में भाग लेने प्रेरित किया। एस. स्वामीनाथन ने वार्षिकोत्सव के साथ ही बच्चों को आध्यात्म से जोड़ने की बात कही।



### प्रतियोगिता में विजेता को मिला पुरस्कार

वार्षिक निरीक्षण के बाद सांस्कृतिक, अनुशाषित सहित विभिन्न पैमानों पर योग्य विद्यार्थियों को एवं सुपर मॉम प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम मोमिता रॉय चौधरी, द्वितीय मधु सोनी, तृतीय प्रियल अग्रवाल, जी ज्योति और मनीषा देशमुख को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत शिक्षिकाओं के समूह गीत किसी की मुस्कराहटों पे हो निसार के साथ हुई। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कक्षा नर्सरी के बच्चों द्वारा शंकर जी का डमरू बाजे, मेरी माँ, स्कूल चले हम, मैंने कहा फूलों से, अपना हर दिन ऐसे जियो,, गीत पर नृत्य, वी रेवती, नीलम शर्मा, सतबीर भाटिया, अनुपमा साहू, रश्मि देशमुख, रत्ना भल्ला, अदिति नायक के निर्देशन में मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा केजी-II के बच्चों द्वारा श्री शंकराचार्य भुजंग स्रोत्रम, हम तो आदिवासी हैं लोक नृत्य, है ठान लिया हमें सूरज-सा जलना है गीत, मराठी, कोंकोणी और राजस्थानी लोक नृत्य पर वाय. अंजू कामेश्वरी, एन. जयलक्ष्मी, सुनीता पटनायक, डी. मीनाक्षी, नेहा दुबे, प्रेमलता पाण्डेय, कक्षा नर्सरी के मेध्या ठाकुर ने गीता श्लोक, के जी I की कियाना ने गुरु गोविन्द श्लोक, के जी II के कियारा और कुशन द्विवेदी ने सूर्य मंत्र बोलकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया साथ ही कक्षा के जी II के सानवी अग्रवाल द्वारा राम आएँगे तो अँगना सजाऊँगी गीत की – बोर्ड पर और रीयांश कुमार साहू द्वारा शिव तांडव की शानदार प्रस्तुति दी गई। तरन्नुम रशीद, शुभांगी यादव, रीना सिंह, शाफिया बानो, मीता शुक्ला और अखिलेश कश्यप द्वारा मंच पर पावरपॉइंट की शानदार प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन पोंनमणि सथ्यानारयाना, मंजू राव, हीना कौशर, डी. मीनाक्षी, कामना यादव, वी. रेवती, वाय. अंजू कामेश्वरी और नेहा दुबे ने किया। आभार व्यक्त शोभना कुमार द्वारा दिया गया।

## आयोजन

# संगीत व नृत्य कर किया बसंत का स्वागत निराला जयंती पर प्रस्तुत की कविताएं



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में संगीत, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी व निराला जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव व शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई–3 की प्राचार्या डॉ. अश्वनी महाजन, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. मिलिन्द अमृतफले एवं अन्य प्राध्यापकों ने मां सरस्वती का पूजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संगीत विभाग की छात्राओं ने संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले के निर्देशन में सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। साथ ही नृत्य विभाग की सहायक प्राध्यापक सृष्टी मन्ना के निर्देशन में नृत्य विभाग की छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही निराला जयंती भी उत्साह से मनाई गई। हिन्दी विभाग की छात्र वर्षा ने निराला की कविता तोड़ती पत्थर का प्रस्तुतिकरण किया। इस आयोजन पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को छात्राओं को मेहतन और लगन से अध्ययन करने अभिभावकों व संस्था का नाम आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने बहुत ही सधे हुए अंदाज में शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, छात्राएं और सभी स्टॉफ उपस्थित थे।



## पुस्तक मेला में जुटे साहित्यकार

# बांग्ला कवि पल्लव की कृति 'अक्षर आलापन' का हुआ विमोचन



**भिलाई।** अंचल के बांग्ला कवि पल्लव चटर्जी रचित कृति अक्षर आलापन का विमोचन साहित्यकार सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. नजरुल इस्लाम और कवि प्रदीप बसु द्वारा किया गया। इस विमोचन समारोह का आयोजन कोलकाता के पुस्तक मेले के निखिल भारतीय बंग सम्मेलन में किया गया। कवि पल्लव चटर्जी रचित कृति विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. नजरुल इस्लाम और अध्यक्षता कर रहे प्रदीप बसु ने कृतिकार द्वारा रचित रचनाओं को सराहा। भारतीय स्टेट बैंक की सुदीर्घ सेवा से रिटायर पल्लव चटर्जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में रहकर तैयार बांग्ला कृति देश को समर्पित करते हुए मुझे खुशी हो रही है। मुझे विश्वास है कि सुधि साहित्य जन मेरे इस कृति को पढ़कर, प्रतिक्रिया से अवगत काराएंगे। विमोचन के अवसर पर मध्यबलय के संपादक व बांग्ला के कवि दुलाल समाद्दार, कवि प्रकाशचंद्र मण्डल, साहित्यकार कवि बादल सरकार, माणिक मांझी, सुकुमार रूज, बिथी ब्राह्म, विभाष दास, प्रणवेश दास और प्रकाशक विमल मैती सहित अन्य साहित्य से जुड़े लोग विशेष रूप से उपस्थित थे।




## सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई में यातायात जागरूकता कार्यक्रम

# हेलमेट और सीट बेल्ट कानून के डर से नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए अपनाएं, दूसरों को भी करें प्रेरित

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई में हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता दी। और सभी ने हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट के साथ सेफ ड्राईविंग की शपथ ली। सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई में एनसीसी, एनएसएस एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मिशन 75 अभियान के तहत हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ पी एस वर्गीस, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन, अधिष्ठाता डॉ देवजानी मुखर्जी मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष, एनसीसी अधिकारी एवं हिंदी विभागाध्यक्ष कैप्टन डॉ सुरेखा जवादे, लेफ्टिनेंट संतोष यादव उपस्थित थे।



### यातायात नियमों का पालन करना हमारी जिम्मेदारी

कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा की लोग बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाते हैं और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने से बचते हैं, लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि यह लापरवाही हमारे जीवन के लिए कितनी खतरनाक हो सकती है। सरकार ने हेलमेट पहनने और कार सीट बेल्ट लगाने को अनिवार्य किया है लेकिन हमें इसे केवल कानून के डर से नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए अपनाना चाहिए। यातायात नियमों का पालन करना हमारी जिम्मेदारी है ताकि हम न केवल अपनी बल्कि दूसरों की भी सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेखा जवादे द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जीवन की सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर विषय

महाविद्यालय के प्रशासक डॉ पी एस वर्गीस ने जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हेलमेट पहनने और कार सीट बेल्ट लगाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल नियमों का पालन करने की बात नहीं है बल्कि हमारे जीवन की सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर विषय है। हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं हेलमेट पहनने और कार सीट बेल्ट का उपयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। श्री वर्गीस ने प्रतिदिन जाने-अनजाने में होने वाले रोड एक्सीडेंट के मामलों को गंभीरता से अवलोकन कर सेफ ड्राईविंग की हिदायात दी।



## हेल्थ टिप्स

### बाल बनेंगे घने और मजबूत बस रोजाना करें ये योगासन



बालों को घना और मजबूत बनाने के लिए कई तरह के शैंपू, कंडीशनर और हेयर ट्रीटमेंट आजमाते हैं, लेकिन असल में प्रोडक्ट्स से कुछ नहीं होता। अंदरूनी कमियों पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है,जब तक डाइट, लाइफस्टाइल और स्कैल्प केयर सही नहीं होगी, तब तक कोई भी प्रोडक्ट ज्यादा असर नहीं करेगा। इसके लिए आप योग या एक्सरसाइज को अपनी रूटीन में शामिल कर सकते हैं। योगासन और प्राणायाम सिर के रक्त संचार को बढ़ाने का काम करते हैं। तनाव को कम करते हैं और हार्मोनल संतुलन बनाए रखते हैं, जिससे बालों का झड़ना कम होता है और उनकी ग्रोथ बेहतर होती है।अगर आप स्वस्थ और घने बाल चाहते हैं, तो योग को अपने डेली रूटीन का हिस्सा बनाएं। खासतौर पर उत्तानासन, सर्वांगासन और बालयम जैसे योगासन बालों की जड़ों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। बस आपको इसे करने का सही तरीका मालूम होना चाहिए। तो देर किस बात की आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं।

#### उत्तानासन योग

यह आसन सिर की ओर ब्लड सर्कुलेशन को तेज करता है, जिससे बालों की जड़ों को पोषण मिलता है और बालों का झड़ना कम होता है।



कैसे करें?

पैरों को सीधा रखकर खड़े हो जाएं। सांस छोड़ते हुए कमर से झुकें और सिर को नीचे लटकाएं। हाथों से पैरों को छूने की कोशिश करें।इस मुद्रा में 30 सेकंड से 1 मिनट तक रहें और फिर धीरे-धीरे ऊपर आएं।

#### सर्वांगासन योग

इस योगासन को मदर ऑफ ऑल योगा पोज भी कहा जाता है। यह थायरॉयड को संतुलित करता है और सिर की ओर ब्लड फ्लो बढ़ाता है।

कैसे करें?

पीठ के बल लेट जाएं और धीरे-धीरे पैरों को ऊपर उठाएं। हाथों से कमर को सहारा दें और पैरों को सीधा रखें। 30 सेकंड से 1 मिनट तक इसी मुद्रा में रहें। धीरे-धीरे पैरों को नीचे लाकर आराम करें।

#### बालयम योग

बालयम योग बहुत पुरानी मुद्रा है, जिसे नाखूनों को आपस में रगड़कर बालों की जड़ों को मजबूत बनाया जाता है। इसके नियमित अभ्यास से ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है और बालों की अच्छी ग्रोथ होती है।

कैसे करें?

सबसे पहले आप सुखासन या किसी आरामदायक मुद्रा में बैठें। फिर अपने दोनों हाथों की उंगलियों को अंदर की ओर मोड़ें और नाखूनों को आपस में जोड़ लें। इसके बाद दोनों हाथों के नाखूनों को तेजी से आपस में 5-10 मिनट तक रगड़ें। इसे नियमित रूप से करने से चेहरे के बाल बढ़ सकते हैं। आप इसे सुबह या शाम 5-10 मिनट तक नियमित रूप से करें।

#### योग करने के अलावा करें ये काम

आप सही आहार लें और अपनी डाइट में प्रोटीन, आयरन, बायोटिन और ओमेगा-3 से भरपूर आहार बालों की ग्रोथ के लिए जरूरी हैं। अपने बालों की देखभाल करें और रोजाना बालों में कंघी करें। साथ ही, मालिश करें क्योंकि नारियल या आंवला तेल से सिर की हल्की मालिश करने से बालों की जड़ें मजबूत होती हैं। योग से साथ-साथ ध्यान और प्राणायाम पर भी ध्यान दें। यह मानसिक तनाव को कम करता है, जो बालों के गिरने का एक कारण होता है।



#### योग बालों के विकास को कैसे बढ़ावा देता है?

योगासनों के दौरान, खासकर उन आसनों में जहां सिर नीचे की ओर आता है जिससे ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है। इससे बालों की जड़ों को बेहतर पोषण मिलता है और बालों की ग्रोथ तेज होती है। तनाव बालों के झड़ने का एक प्रमुख कारण है। योग और प्राणायाम, मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं, जिससे बालों का झड़ना कम होता है और उनका विकास सही तरीके से होता है।

---

सेहत के लिहाज से यह आपके शरीर में कमी का इशारा

# बार-बार आंख का फड़कना अपशकुन नहीं शरीर में कमियों की वजह से होती है दिक्कत

आंखों के फड़कने को लोग अक्सर शकुन और अपशकुन से जोड़ते हैं। लेकिन अगर इसे सेहत के लिहाज से समझा जाए तो यह शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी की ओर इशारा करती है। हमारे शरीर में किसी भी तरह के न्यूट्रिशन या अन्य किसी भी चीज की कमी होने पर इसके लक्षण साफ नजर आने लगते हैं। दरअसल, शरीर अपने संकेतों के जरिए जरूरी जानकारी देता है। शरीर में किसी तरह का दर्द, कमजोरी, थकान या अन्य कई तरह के संकेत हमारे शरीर के जरूरी फंक्शन्स और शरीर में मौजूद विटामिन्स व मिनरल्स समेत कई चीजों की कमी की तरफ इशारा करते हैं। आंख फड़कना भी इन्हीं संकेतों में से एक है। लेकिन अक्सर आंखों के फड़कने को लोग अक्सर शकुन और अपशकुन से जोड़ते हैं। लेकिन अगर इसे सेहत के लिहाज से समझा जाए तो यह शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी की ओर इशारा करती है।

आंखों का फकड़ना क्या संकेत देता है और किन न्यूट्रिएंट्स को डाइट में शामिल करने से इससे बचा जा सकता है, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डाइटिशियन मनप्रीत कौर दे रही हैं। मनप्रीत ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।



### आंख फड़कने का कारण

आंख फड़कने को शकुन-अपशकुन से जोड़ने के बजाय इसे साइंस के आधार पर समझें। एक्सपर्ट के मुताबिक, शरीर में पानी की कमी इसका एक कारण हो सकती है। इसके अलावा आंखों का सूखापन भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकता है। मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटेशियम, विटामिन बी 12 और विटामिन डी की कमी भी इसकी वजह हो सकती है।



### आंख फड़कने से बचने के लिए डाइट में शामिल करें ये जरूरी न्यूट्रिएंट्स

अगर आपकी आंख अक्सर फड़कती है, तो शरीर में पानी की कमी न होने दें। साथ ही, आंखों को भी ड्राई न रखें। विटामिन-डी (विटामिन-डी की कमी कैसे दूर करें), ब्रेन के मैसेज को मसल्स तक पहुंचाने में नर्व सेल्स की मदद करता है। इसकी कमी होने पर दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स को डाइट में शामिल करें। इसके अलावा सूरज की रोशनी में बैठें। मैग्नीशियम नर्व और मसल्स फंक्शन को रेगुलेट करने में मदद करता है। हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स और सीड्स मैग्नीशियम का अच्छा सोर्स है। कैल्शियम नर्व ट्रांसमिशन और मसल्स के सही तरह से काम करने के लिए जरूरी होता है। दूध, दूध से बने प्रोडक्ट्स, रागी और तिल के बीजों में कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। पोटेशियम नर्व सिग्नल को रेगुलेट करने का काम करता है। केला, संतरा, आलू, शकरकंदी और हरी पत्तेदार सब्जियां पोटेशियम का अच्छा सोर्स है।

---



## तनाव को सुकून में बदल रही साउंड बाथ थेरेपी, मिनटों में मिल रही राहत

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव आम समस्या बन चुकी है। व्यस्क लोगों के साथ ही युवा और किशोर भी इसका तेजी से शिकार बन रहे हैं। देखा जाए तो इससे निजात के लिए आजकल मेडिटेशन की कई सारी तकनीक भी प्रचलन में हैं, ऐसे में यह जानना और समझना जरूरी है कि इनमें से कौन-सी तकनीक अधिक कारगर है। दरअसल, तनाव से निजात के लिए वही तकनीक अधिक कारगर साबित होती है जो असल में व्यवहारिक हो।

ऐसी एक उपयोगी और व्यावहारिक उपचार विधि के बारे में हम आज यहां आपको बताने जा रहे हैं। दरअसल, हम बात कर रहे हैं 'साउंड बाथ थेरेपी' की जो स्ट्रेस रिलीफ थेरेपी के रूप में आजकल ट्रेंड में हैं। हालांकि बहुत सारे लोगों को अभी इसके बारे में पूरी जानकारी नहीं हैं, इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी देने का प्रयास कर रहे हैं।

### क्या है साउंड बाथ थेरेपी?

गाजियाबाद की वेलनेस कोच और साउंड हीलर प्रदीप्ति शर्मा बताती हैं कि 'साउंड बाथ थेरेपी' भले ही भारत में इन दिनों चर्चाओं में आई हो, पर असल में यह हजारों साल पुरानी थेरेपी है। लगभग 40 हजार साल पहले यूनानी और तिब्बती लोग, सिंगिंग बाउल (Singing Bowl) से उत्पन्न ध्वनि का इस्तेमाल मानसिक शांति के लिए किया करते थे। तब से यह पद्धति अलग-अलग देशों में अलग-अलग रूपों में प्रयोग में लाई जा रही है। आधुनिक दौर में इसका परिष्कृत रूप 'साउंड बाथ थेरेपी' के रूप में सुर्खियों में है।

### कैसे काम करती है यह थेरपी?



असल में यह तकनीक, खास तरह की ध्वनि के जरिए आपके मन-मस्तिष्क को सराबोर कर उसे तनाव से मुक्ति प्रदान करती है। बड़े शहरों में बहुत सारे स्पा सेंटर हैं जो कि इस तरह की माइंड हीलिंग थेरेपी की सर्विस देते हैं। यह थेरेपी लगभग 45 से 60 मिनट यानी कि एक घंटे की अवधि की होती, जिसके अंतर्गत तनाव से पीड़ित व्यक्ति को शांत जगह में लिटाकर उसे खास तरह की ध्वनि और आवाजें सुनाई जाती हैं। इसमें प्रतिभागी व्यक्ति को योगा मैट पर लिटाकर सबसे पहले उसे आरामदायक स्थिति में लाया जाता है। फिर उसे खास तरह के उपकरणों से उपजी ध्वनि सुनाई जाती है। जैसे कि इस थेरेपी में सिंगिंग बाउल, गोंग और ट्यूनिंग फोर्क से ध्वनि उत्पन्न की जाती है।

इन सभी ध्वनि उपकरणों के माध्यम से अलग-अलग आवृत्ति की ध्वनि उत्पन्न कर मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव डालने की कोशिश की जाती है। दरअसल, विशेष तरह की ध्वनि आवृत्ति दिमाग को न सिर्फ शांत रखने में मददगार होती है बल्कि इससे मन-मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे में व्यक्ति बेहतर महसूस करता है और उसे तनाव और दूसरी मानसिक बीमारियों से राहत मिलती है।



---

## जला हुआ कुकर हो या पतीला मिनटों में होगा साफ, बस आजमाएं ये जादुई ट्रिक

अगर आपका कुकर प्रेशर या पतीला खाना बनाते हुए जल गया है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। हम ऐसे ट्रिक्स बताने वाले हैं जिससे आपकी यह समस्या हल हो जाएगी। कई बार खाना बनाते समय कुकर या पतीला जल जाता है, जिससे तले में काले दाग और जली हुई परत जम जाती है, जिसे साफ करना मुश्किल लगता है। लेकिन घबराने की जरूरत नहीं! कुछ आसान DIY किचन टिप्स अपनाकर आप मिनटों में अपने बर्तनों को नई जैसी चमक दे सकते हैं।

बेकिंग सोडा और सिरका, नींबू और नमक, डिशवॉशिंग लिक्विड, आलू और चारकोल जैसी घरेलू चीजें जले हुए दाग को हटाने में मदद करती हैं। ये ट्रिक्स न केवल असरदार हैं बल्कि केमिकल-फ्री भी हैं, जिससे आपके बर्तन जल्दी और आसानी से साफ हो जाएंगे।

### बेकिंग सोडा और सिरका का कमाल

बेकिंग सोडा और सिरका दोनों ही प्राकृतिक क्लीनर हैं और जले हुए दाग हटाने में बहुत प्रभावी होते हैं। कुकर या पतीले में 2-3 चम्मच बेकिंग सोडा डालें। इसके ऊपर आधा कप सफेद सिरका डालें।कुछ सेकंड के लिए झाग उठने दें, फिर बर्तन में थोड़ा पानी डालें और 10-15 मिनट तक गैस पर हल्की आंच में गर्म करें। बर्तन ठंडा होने पर स्क्रबर से रगड़ें, जले हुए दाग आसानी से निकल जाएंगे।



यह तरीका जिद्दी दाग और ग्रीस को हटाने में बेहद कारगर है।

### नींबू और नमक का जादू

अगर आपके पास बेकिंग सोडा या सिरका नहीं है, तो नींबू और नमक का इस्तेमाल कर सकते हैं। जले हुए कुकर या पतीले में थोड़ा गर्म पानी डालें। 1-2 नींबू के टुकड़े डालकर कुछ मिनट के लिए छोड़ दें। अब 2 चम्मच नमक छिड़कें और बर्तन को स्क्रबर से रगड़ें। पानी निकालकर साफ पानी से धो लें। नींबू की एसिडिक प्रॉपर्टीज जलने के निशान हटाने में मदद करती हैं और बर्तन को चमका देती हैं।

### डिशवॉशिंग साबुन और गरम पानी

अगर जलन हल्की है, तो डिशवॉशिंग लिक्विड और गरम पानी से सफाई आसान हो सकती है। कुकर या पतीले में गर्म पानी डालें और 2 चम्मच डिशवॉशिंग लिक्विड मिलाएं। 30 मिनट तक छोड़ दें ताकि जलन नरम हो जाए।

---

## मंदिर से लौटते समय भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां

सनातन धर्म में पूजा-पाठ का विशेष महत्व बताया गया है और लगभग सभी पूजा में एक नियम होता है, लेकिन पूजा करते वक्त कई बार व्यक्ति से जाने-अनजाने में ऐसी गलतियां हो जाती है। जिससे व्यक्ति को समस्यओं का भी सामना करना पड़ जाता है। अब ऐसे में पूजा से संबंधित बातों के बारे में जानना बेहद जरूरी है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि मंदिर से घर लौटते समय कौन सी ऐसी गलतियां जिन्हें करने से बचना चाहिए।



### मंदिर में जल का लोटा ले जाते समय रखें इन बातों का ध्यान

जब भी मंदिर में पूजा करने जा रहे हैं, तो इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि जल से भरा लोटा अपने साथ जरूर लेकर जाना चाहिए। साथ ही मंदिर में स्थित पीपल के पेड़ में भी जल अर्पित करना चाहिए, लेकिन इस बात का खास ध्यान रखें कि जल में कुछ दानें चावल के भी होने चाहिए और चावल (चावल के उपाय) कभी खंडित नहीं होने चाहिए। इससे अशुभ परिणाम मिल सकता है। इसलिए इस बात का खास ध्यान रखें।

### कभी खाली लोटा घर लेकर न जाएं

मंदिर में जल अर्पित करने के बाद गलती से भी घर खाली लोटा लेकर नहीं जाना चाहिए। इससे घर की तरक्की रुक सकती है। इसलिए जल अर्पित करने के बाद थोड़ा सा जल लोटे में अवश्य बचाकर रखें। यदि सारा जल अर्पित कर दिए हैं, तो मंदिर में मौजूद नल से लोटे में थोड़ा सा जल जरूर भर लें। इसके बाद घर वापस आकर मुख्य द्वार पर दोनों कोने में जल डालें, फिर पूरे घर में उस जल की छीटें मारें।

वास्तु शास्त्र के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि इसे करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है और व्यक्ति के सभी बिगड़े काम बनने लग जाते हैं। वास्तु के अनुसार जल के लोटे से जुड़े इस नियम का पालन नहीं करता है, उसे आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ सकता है। इसलिए इन बातों का खास ध्यान रखें।

---

कार्नर न्यूज

एक फीसदी से भी कम खुद से पहुंचते हैं इलाज के लिए, बढ़ रहा तनाव

# मानसिक विकारों में खुद इलाज के लिए आने में कतराते हैं लोग, तेजी से बढ़े हैं ऐसे मामले

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के मामले पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ते हुए देखे गए हैं, विशेषतौर पर कोरोना महामारी के बाद से इसकी दर में और भी बढ़ोतरी आई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह बड़े खतरे के रूप में उभरती समस्या है, जिसके बारे में सभी लोगों को जागरूक होना जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य की समस्या के कारण शारीरिक स्वास्थ्य का जोखिम भी बढ़ जाता है। दुर्भाग्यवश भारत में अब भी मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में कलंक की भाव के कारण ज्यादातर लोगों में इसका समय रहते निदान नहीं हो पाता है। देश में बढ़ते मानसिक रोगों के खतरे को लेकर हाल ही में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) जयपुर के अध्ययनकर्ताओं ने एक चौंकाने वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इसमें कहा गया है कि भारत में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए स्व-रिपोर्टिंग दर काफी कम है। इसका मतलब है कि लोगों को इसके लक्षणों को पहचानने और खुद से निदान-इलाज के लिए जाने की दर कम है, जोकि निश्चित ही चिंताजनक है।




### मानसिक बीमारियों की सेल्फ-रिपोर्टिंग की दर कम

नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में मानसिक बीमारियों की सेल्फ-रिपोर्टिंग की दर एक प्रतिशत से भी कम है। 555,115 प्रतिभागियों (325,232 ग्रामीण और 229,232 शहरी) पर किए गए शोध में पता चला कि भारत में अमीर आबादी की तुलना में कमजोर वर्ग के लोग मानसिक समस्याओं के इलाज के लिए खुद से नहीं जाते हैं।

शोधकर्ताओं ने बताया, भारत में मानसिक विकारों की सेल्फ-रिपोर्टिंग में कमी से पता चलता है कि मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों की पहचान करने और उनका निदान-उपचार प्राप्त करने में बड़ा अंतर है।

### खुद से इलाज के लिए सामने न आने के पीछे कई कारण

अध्ययन में पाया गया कि मानसिक विकारों की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लागत आर्थिक स्थिति को खराब कर सकती है। दिलचस्प बात यह है कि मानसिक विकारों के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले केवल 23 प्रतिशत व्यक्तियों के पास राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य बीमा कवरेज था। लोगों का अस्पतालों में न जाने या खुद से इलाज के लिए सामने न आने का एक कारण मानसिक स्वास्थ्य उपचार पर होने वाला मोटा खर्च भी माना जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, शोध का निष्कर्ष मानसिक विकारों के बोझ को कम करने के लिए



रणनीति तैयार करते समय स्थानीय, सामाजिक-जनसांख्यिकीय संदर्भ को समझने के महत्व पर जोर देता है।

### क्या कहते हैं मनोचिकित्सक?

अमर उजाला से बातचीत में भोपाल स्थित वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की सेल्फ रिपोर्टिंग में कमी के लिए स्टिग्मा को प्रमुख कारक माना जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में लोगों में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता काफी बढ़ी है, फिर भी कलंक का भाव बड़ी संख्या में लोगों को मदद प्राप्त करने से रोकती है। डॉक्टर कहते हैं, ज्यादातर लोगों में ट्रीटमेंट गैप (समस्या शुरू होने से लेकर पहली बार डॉक्टर से मिलने तक का समय) दो से तीन साल का देखा जा रहा है।

इस दिशा में विशेष सुधार की आवश्यकता है क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सीधा असर क्वालिटी ऑफ लाइफ पर होता है। समय पर रोग की पहचान और इलाज होने से समस्या में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वार्नर ब्रदर्स ने यूट्यूब पर रिलीज कीं 31 फिल्में, दर्शक मुफ्त में उठा सकते हैं लुत्फ




वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने यूट्यूब पर 31 फिल्में मुफ्त में स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध कराई हैं। फिल्मों को बिना किसी सदस्यता या भुगतान के देखा जा सकता है। यह निर्णय उस कंपनी की ओर से आया है, जिसे 2021 में डिस्कवरी और वार्नरमीडिया के विलय के बाद से रचनात्मक परियोजनाओं के संचालन के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा है। इसका नेतृत्व सीईओ डेविड जस्लाव कर रहे हैं। वार्नर ब्रदर्स एंटरटेनमेंट ने अपनी 31 से अधिक फुल-लेंथ वाली फिल्मों को अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर मुफ्त स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध करा दिया है। इस चयन में विभिन्न युगों की पुरानी हिट, पंथिक क्लासिक्स और कुख्यात फ्लॉप फिल्मों का मिश्रण शामिल है। खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश फिल्में वार्नर ब्रदर्स के अपने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म मैक्स पर उपलब्ध नहीं हैं। इस निर्णय के पीछे का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है।

यूट्यूब पर अब जो फिल्में मुफ्त में देखी जा सकती हैं, वे विभिन्न शैलियों और दशकों की हैं। कुछ शीर्षकों में माइकल कोलिन्स (1996), वेटिंग फॉर गफमैन (1996), द मिशन (1986) और डेथट्रैप (1982) शामिल हैं। इस सूची में 2000 की डंगऑन्स एंड ड्रैगन्स फिल्म, बॉबकैट गोल्डथवेट की हॉट टू ट्रॉट (1988) और एडी मर्फी की द एडवेंचर्स ऑफ प्लूटो नैश (2002) जैसी फ्लॉप फिल्में भी शामिल हैं। अन्य फिल्मों में मार्लन ब्रैंडो की म्यूटिनी ऑन द बाउंटी और डेविड बर्न की ट्रू स्टोरीज शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## 'हिट: द थर्ड केस' के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग करने के लिए तैयार नानी



साउथ के नेचुरल स्टार नानी मार्च तक अपनी आगामी फिल्म हिट 3 की शूटिंग पूरी करने के लिए तैयार हैं। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म मई में रिलीज होगी। साउथ के नेचुरल स्टार नानी इस समय कई रोमांचक प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं और उनकी आने वाली फिल्म 'हिटः द थर्ड केस' काफी चर्चा बटोर रही है। इन दिनों नानी अपनी फिल्म 'हिट 3' की शूटिंग में व्यस्त हैं। कुछ समय पहले ही फिल्म की शूटिंग के कश्मीर शेड्यूल से अभिनेता की एक तस्वीर वायरल हुई थी। वहीं, अब इसकी शूटिंग पर नया अपडेट सामने आया है। नानी ने अपनी फिल्म की शूटिंग काफी हद तक पूरी कर ली है। अब खबर है कि नानी मार्च, 2025 तक फिल्म का फिल्मांकन पूरा कर लेंगे। शैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित हिट 3 में नानी ने अर्जुन सरकार की भूमिका निभाई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का एक लंबा शेड्यूल शिमला और अन्य उत्तर भारतीय क्षेत्रों में शूट किया गया है। अभिनेता और फिल्म की टीम अगले महीने में अंतिम शेड्यूल शुरू कर सकते हैं और फिल्म को खत्म कर सकते हैं।

क्रिसमस 2024 पर नानी ने हिट 3 से अर्जुन सरकार के रूप में अपना पहला लुक साझा किया था। फोटो में उन्हें एक अनोखे सॉल्ट-एंड-पेपर हेयरस्टाइल और दाढ़ी में देखा गया था, जिसने प्रशंसकों और दर्शकों का ध्यान खींचा। 'हिट 3' लोकप्रिय हिट फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है। नानी 'हिट' फ्रेंचाइजी में शामिल होने वाले तीसरे अभिनेता हैं, जिसमें पहले विश्वक सेन और अदिवी सेश जैसे अभिनेताओं ने अभिनय किया था। नानी के अलावा फिल्म में श्रीनिधि शेट्टी भी मुख्य भूमिका में होंगी। इससे पहले इंस्टाग्राम पर अपने लुक का परिचय देते हुए नानी ने लिखा, 'पुलिस कम। अपराधी ज्यादा। अर्जुन सरकार ने कार्यभार संभाला। 'नानी 32' अब 'हिट द थर्ड केस है'।

### छॉलीवुड

## 'लूप लपाटा' के बाद विकास लेकर आ रहे 'मदाड़ी' फिल्म, आज होगा मुहूर्त



गणेश इंटरटेनमेंट के बेनर तले बनने वाली छत्तीसगढी फिल्म मदाड़ी का शुभ मुहुर्त 9 फरवरी को दोपहर 12 बजे सिद्धि माता मंदिर सन्डी बेमेतरा में होने जा रहा होगा। डायरेक्टर विकास चन्द्रवंशी और निर्माता गणेश कौशिक फिल्म के निर्माता गणेश कौशिक ने बताया कि इस फिल्म में भूनेश साहू, तनु प्रधान, महावीर सिंह चौहान, छत्तीसगढी और भोजपूरी फिल्म के प्रसिद्ध अभिनेता एवं गीतकार शमशीर सिवानी, चरित्र अभिनेत्री श्वेता शर्मा, सुरेश लहरे, रिंकू पटेल, नारायण लहरे सहित छॉलीवुड के अन्य सुप्रसिद्ध कलाकार इस फिल्म में अभिनय करने जा रहे है।

डायरेक्टर विकास चंद्रवंशी इससे पहले भी एक छत्तीसगढी फिल्म 'लूप लपाटा' का निर्देशन कर चुके है जिसमें छॉलीवुड के चर्चित अभिनेता भुनेश साहू जहां नायक की भूमिका निभा चुके है, वही छॉलीवुड हिरोईन तनु प्रधान, प्रतिभा चौहान, मनीषा साहू मायरा के साथ ही छत्तीसगढी फिल्मों के अन्य चर्चित कलाकारों ने अपने अभिनय का जलवा दिखाया है। यह फिल्म भी अतिशीघ्र प्रदेश के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। प्रोडक्शन हेड प्रदीप मानिकपुरी है।

## डेनिम शर्ट और स्ट्रॉ हैट

लाइफ स्टाइल



मशहूर मॉडल राल्फ लॉरेन का फैशन स्टाइल पर पूरा ध्यान रहता है। रंगीन धारीदार शर्ट, खाकी ट्रेंच कोट, लिनन पैंट, चैम्ब्रे और डेनिम के कपड़े उनके शो का हिस्सा रहते हैं। हाल ही में उन्होंने डेनिम शर्ट और स्ट्रॉ हैट के साथ पेरिस फैशन वीक में तहलका मचा दिया।

## कैसे कम होगी दोमुंहे बालों की समस्या, जानें घरेलू नुस्खे

बालों को दोमुंहे होने से बचाने के लिए आप भी एक्सपर्ट द्वारा बताई गईं इन घरेलू टिप्स को ट्राई करके देख सकती हैं। त्वचा की तरह बालों में भी विभिन्न समस्याएं होती है। किसी के बाल रूखे होते हैं, तो किसी के ऑयली। किसी को बालों में वॉल्यूम कम होने की शिकायत होती है, तो किसी को पतले बालों की टेंशन होती है। इन सबके अलावा बालों के दोमुंहे होने की समस्या भी बेहद आम है। यदि आप बालों की ठीक से केयर नहीं कर रही हैं और बालों तक उचित पोषण नहीं पहुंच रहा है तो बालों का दोमुंहा होना तय है। हालांकि, आप इसकी रोकथाम पर काम कर सकती हैं और कुछ घरेलू नुस्खों को अपना कर इस समस्या से मुक्ति पा सकती है। हमने दोमुंहे बालों की समस्या के निदान ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से पूछे हैं। रेनू जी कहती हैं, ₹बालों में प्रोटीन की उचित मात्रा पहुंचती रहे तो यह बहुत जरूरी है और हमारी रसोई में ही आपको ऐसे बहुत सारी सामग्रियों मिल जाएंगी, जो बालों पर प्रोटीन ट्रीटमेंट का काम करेंगी।

### बाल हो जाते हैं कमजोर

बालों की लेंथ के अंत में या उससे कुछ ऊपर, जब एक ही बाल के दो मुंह दिखने लगे, तो इस स्थिति को दोमुंहे बाल कहा जाता है। यह समस्या बालों के लुक को ही खराब नहीं करती है, बल्कि बालों कमजोर बनाती है और कई बार बाल बीच से टूटना शुरू हो जाते हैं। यह स्थिति बालों को बहुत ज्यादा भद्दा दिखाती है।

### क्यों हो जाते हैं बाल दोमुंहे?

बालों के दोमुंहे होने के कई कारण होते हैं। यदि आपके बाल बहुत अधिक ड्राई हैं, तो दोमुंहे बालों के होने की संभावना बढ़ जाती है। बालों में आप यदि बहुत अधिक केमिकल ट्रीटमेंट कराती हैं या फिर हीट इक्युपमेंट का इस्तेमाल करती हैं, तो आपको दोमुंहे बालों की दिक्कत हो सकती है। बालों में आप यदि सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल नहीं करती हैं, तो इससे भी आपको दोमुंहे बालों की दिक्कत हो सकती हैं।



### घरेलू उपाय

सप्ताह में कम से कम आपको 2 बार बालों में नारियल का तेल लगाना चाहिए। इससे आपके बालों में मॉइश्चर भी रहता है और बालों में प्रोटीन की भी उचित मात्रा पहुंच जाती है। बेस्ट है कि आप रात में सोने से पहले बालों में नारियल का तेल लगा लें। इसके बाद आप सुबह बालों को शैंपू से वॉश कर दें।

## वेस्टर्न ड्रेस के साथ ये चूड़ी डिजाइन पहनने के बाद हाथ लगेंगे खूबसूरत




अगर आपको हाथ खाली-खाली नजर आ रहे हैं तो इसके लिए आप वेस्टर्न वियर के साथ आप आर्टिकल में बताए गए चूड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। वेस्टर्न आउटफिट्स को स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। इसके साथ हम कई तरह के अलग-अलग डिजाइन के कपड़े और एक्सेसरीज को स्टाइल करते हैं, ताकि आउटफिट भी अच्छा लगे और हमारा लुक भी सबसे अलग नजर आए। लेकिन हाथों में हम सिर्फ घड़ी ही पहनते हैं। इस बार घड़ी को हटाकर हाथों में आर्टिकल में बताई गई चूड़ियों को ट्राई करें। इससे आपके हाथों की सुंदरता में चार चांद लग जाएंगे।



### हैंडकफ बैंगल्स



आप वेस्टर्न ड्रेस के साथ हैंड कफ बैंगल्स वियर कर सकती हैं। इस तरह की बैंगल्स दिखने में काफी स्टाइलिश लगती हैं लेकिन पहनने के बाद लुक को एलीगेंट बना देती हैं। इसमें एक के साथ साड़ी चूड़ियां जुड़ी हुई होती हैं। जिसे आप जाल भी कह सकते हैं। इसे आप कड़े की तरह हाथों में डाल सकती हैं और हाथों में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की चूड़ियां आपको मार्केट में 100 से 200 रुपये में मिल जाएगी।

### गोल्डन बैंगलस सेट

गोल्डन चूड़ियों को भी आप वेस्टर्न ड्रेस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की चूड़ियां गाउन, वन पीस ड्रेस यहां (ऑक्सीडाइज्ड बैंग्लस) तक की जींस और टॉप के साथ अच्छी लगती हैं। इसमें आप चाहे तो सिल्वर कलर के चूड़ी के ऑप्शन को भी ट्राई कर सकती हैं, इसमें जो चूड़ियां मिलती हैं वो मेटल में आती हैं इसलिए ये ज्यादा लंबे समय तक चलती हैं। मार्केट से ये आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी।

### कोड़ी वाली चूड़ियां

अगर आप कुछ बोहो स्टाइल की वेस्टर्न ड्रेस वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप कोड़ी बैंगल्स को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के डिजाइन (कड़ा डिजाइन) की चूड़ियां आजकल काफी ट्रेंड में है। इसमें आपको मल्टीकलर कोड़ी और व्हाइट हर तरह की कोड़ी मिल जाएगी। जिसे आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके वियर कर सकती हैं।

## मेकअप करने के बाद चेहरे पर होने लगती है खुजली, तो एक्सपर्ट से जानिए समस्या

हर लड़की को मेकअप करना काफी पसंद होता है। इसलिए वो अलग-अलग तरीके के प्रोडक्ट को खरीदती हैं और उन्हें ट्राई करती हैं। कई बार ऐसा होता है कि वो महंगे-महंगे प्रोडक्ट को खरीदती हैं ताकि जब चेहरे पर अप्लाई करें तो वो खूबसूरत नजर आए। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि मेकअप के इस्तेमाल के बाद चेहरे पर खुजली होनी शुरू हो जाती है, जिसे हम इग्नोर कर देते हैं। मगर आपको ऐसा बिल्कुल भी नहीं करना है, वरना आपकी स्किन डैमेज हो सकती है, साथ ही आपको तुरंत एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए।

ऐसे ही एक एक्सपर्ट ने अपनी राय हमारे साथ शेयर की जिनका नाम शीना जे कौर है, आपको बता दें कि ये एक फेमस मेकअप आर्टिस्ट हैं जो अक्सर ऐसी वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं। आप भी जानें इनके बताए गए तरीके।

### स्किन टाइप का रखें ध्यान

जब भी आप मेकअप खरीदने जाएं तो सबसे पहले इस बात का ध्यान रखें कि वो किसी ब्रांड का हो। ऐसा इसलिए क्योंकि लोकल प्रोडक्ट के इस्तेमाल से आपकी स्किन पर एलर्जी हो सकती है। इन्हें लगाने के बाद खुजली और जलन पैदा हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप स्किन टाइप का ध्यान रखकर ही प्रोडक्ट की खरीदारी करें, ताकि जब आप स्किन पर इसे अप्लाई करें तो उसके बाद खुजली महसूस न हो।



### ब्रश को रखें साफ

मेकअप करने के लिए हम ब्लेंडर और ब्रश का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इन्हें साफ करना अक्सर भूल जाते हैं। लेकिन ऐसी गलती (मेकअप टिप्स) न करें इससे आपकी स्किन डैमेज हो सकती है।

## फ्रंट नेकलाइन के लिए ट्राई करें ब्लाउज के ये डिजाइंस, लुक लगेगा खूबसूरत

ब्लाउज आजकल हर एक आउटफिट के साथ स्टाइल किया जाता है। चाहे वो ओपन जैकेट वाले आउटफिट्स हो या फिर साड़ी। इसके लिए अलग-अलग डिजाइन को ट्राई करते हैं। कई बार ऐसा होता है कि रेडीमेड ब्लाउज खरीदने पर हमें उसमें सेम डिजाइन मिलते हैं। जिन्हें वियर करके हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ नए डिजाइन को ट्राई करें, जिसमें फ्रंट नेक का डिजाइन अलग तरीके से बनाया हो, इसके लिए आप आर्टिकल में बताए गए डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं और ब्लाउज को सिलवाते समय कुछ नया डिजाइन क्रिएट करा सकती हैं।



### इल्यूजन ब्लाउज डिजाइन

इल्यूजन के जरीए चीजें दिखती हैं ऐसा कई बार सुना होगा। लेकिन ब्लाउज में भी इस तरह के डिजाइन को भी क्रिएट किया जाता है। इसके लिए मोटे फेब्रिक का इस्तेमाल करके नीचे के ब्लाउज को तैयार किया जाता है। फिर नेक पर नेट का इस्तेमाल करके इसे राउड नेक की तरह डिजाइन किया जाता है। इस तरीके के ब्लाउज को इल्यूजन ब्लाउज डिजाइन कहते हैं। इसमें आप चाहे तो सिंपल नेट ले सकती हैं वरना वर्क वाली नेट भी आपको मिल जाती है, जिससे आप ब्लाउज तैयार करा सकती हैं।

ऐसा जरूरी नहीं है कि सिर्फ ब्लाउज के बैक पर ही डिजाइन क्रिएट किया जाता है। आप फ्रंट नेक पर भी डिजाइन (सूट डिजाइंस) को क्रिएट करा सकती हैं। इसके लिए आफ लीफ डिजाइन को बना सकती हैं जिसकी शेप आपको इस फोटो में देखने को मिल जाएगी।

कार्नर न्यूज

### तैयारी वैलेंटाइन डे की, जान लें जरूरी टिप्स

## बनाएं खुद को अट्रैक्टिव और फैशन के जादू से अपनी लेडी लव को लाएं करीब

*पुरुष कैसे कपड़े पहनें जो लड़कियों को देखने में अट्रैक्टिव लगें? ज्यादातर पुरुषों के दिमाग में ऐसे सवाल आते हैं। क्योंकि हम अच्छी तरह से ड्रेस अप अपने आप को निखारने के लिए करते हैं। यही बात आपको हजारों की भीड़ में किसी के लिए खास बना देती है। इसलिए फैशन सेंस को महत्वपूर्ण माना जाता है। खासकर, अगर आप डेटिंग की सोच रहे हैं या अपनी क्रश को इंप्रेस करना चाहते हैं तो ये और भी महत्वपूर्ण बन जाता है। क्योंकि आप उसके करीब रहना चाहते हैं और उसे अपने पास बनाए रखना पसंद करते हैं।*



### ट्रेंडी ड्रेस पहनें

फैशन हर साल बदलता है। इसलिए सबसे पहले सीजन का खास ख्याल रखें। गर्मी के मौसम में ट्रेंडी समर ड्रेस पहनें। इसके अलावा सर्दी में विंटर ड्रेस पहनें। मगर पुरानी ड्रेस को अलविदा कहना होगा। आपको अपने वार्डरोब में कुछ नए कपड़े शामिल करने होंगे।

जैसे- कई लड़के अपनी गर्मी की टी-शर्ट को बदलने का नाम नहीं लेते। कम से कम 3-4 साल तक उसको पहनते रहते हैं। ऐसे में उस कपड़े से नई जैसी चमक चली जाती है जिससे आप डल दिखाई देते हो। इसलिए हमेशा टॉप वियर को हर साल बदल दें।

### फंकी न बनें

आप अपनी क्रश को इंप्रेस करने के लिए फंकी बनकर न जाएं। फंकी लुक गलत नहीं है। मगर बहुत कम लड़कियों को ऐसे में लुक वाले लड़के पसंद आते हैं। इसलिए अगर आप पंजाबी गानों से बहुत अधिक प्रभावित होकर खुद को फंकी न बनाएं। आप ऐसे ड्रेस पहनें जिसमें कूल दिखें। क्लासी लुक वाले लड़के अधिक अपीलिंग होते हैं। इसलिए खुद को फंकी लुक से दूर रखें। हालांकि ये बात सेलेब अप्रूव्ड भी है। एक्टर नीरज ने भी डेटिंग के लिए ड्रेसिंग टिप्स दिए जिसमें कि फंकी ड्रेस से दूर रहने की सलाह दी।



### पहनें एक शानदार घड़ी

यहां पर हम एक शानदार दिखने वाली घड़ी की बात कर रहे हैं न कि, महंगी या लग्जरी घड़ी। अगर आपकी कलाई में एक शानदार दिखने वाली घड़ी है तो ये आपके फैशन को नेक्स्ट लेवल पर लेकर जाएगी। इससे आप और भी आकर्षक दिखेंगे। इसके लिए आप अपनी खातिर एक परफेक्ट घड़ी खरीदें, जो दिखने में अच्छी हो। आप अपने लिए मेटल वॉच या लेदर बेल्ट वाली घड़ी ले सकते हैं। मगर उनको अपनी ड्रेस की मैचिंग के हिसाब से पहनें।

जैसे- फॉर्मल लुक के साथ मेटल वॉच और कैजुअल लुक के लिए लेदर बेल्ट वाली घड़ी सही रहेगी। मगर ऐसे मेटल को पहनें जो दिखने में चमकीला हो। ताकि दूर से ही नजर आए।